
















































































स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा साँध्य पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

# रक्त संजीवनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन, जलियांवाला बाग के अमर सपूतों को किया नमन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** निर्वाचन कर्मचारी वेलफेयर समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड में वीरगति को प्राप्त वीर सैनानियों एवं वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में रक्त संजीवनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि डाइट प्रवक्ता डॉक्टर मनोज कुमार वार्ष्णेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय सिकरवार, डॉक्टर वी के जी समर्पण ब्लड बैंक इत्यादि ने की। डॉक्टर मनोज कुमार वार्ष्णेय जी ने रक्तदान की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया रक्तदान करने के लाभ बताए, कार्यक्रम में बोलते हुए अजय सिकरवार जी ने बताया कि रक्तदान जैसा महान कार्य कोई नही है इससे बड़ा दान कोई नही हो सकता रक्तदान करने वाला व्यक्ति एक यूनिट से चार लोगों का जीवन बचाता है । जलियाँवाला हत्याकांड में वीरगति को प्राप्त भारतीयों की आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि आज निर्वाचन कर्मचारी वेलफ़ेयर समिति उत्तर प्रदेश द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर दी गई रक्तदान को रक्तसंजीवनी कार्यक्रम के रुप में संचालित कर के का सैकड़ो लोगो की उपस्थित में संकल्प लिया गया की प्रत्येक सदस्य को आवश्यकता पड़ने पर रक्तसंजीवनी कार्यक्रम के माध्यम से पूर्ति की जाएगी ।

महामंत्री मानवेन्द्र तोमर ने समाज के हर वर्ग को आगे आकर रक्तदान करने की अपील की, सजंय सिंह तोमर संगठन मंत्री ने बताया कि सैकड़ो लोगो द्वारा आज बढ़ चढ़कर रक्तदान के महत्व को समझा जा रहा है समाज मे और जागरूकता लाने की आवश्यकता है। समर्पण ब्लड बैंक से डॉक्टर डॉक्टर वी.के.सिंह एवं डॉक्टर अशोक चौधरी जी द्वारा रक्तदान की भ्रांतियों को दूर किया जिससे डायट सभागार में मौजूद कर्मचारियों द्वारा उत्साह से सुना और रक्तदान किया।

समर्पण दिव्या कुमारी, कप्तान सिंह, धीरेंद्र मिश्रा ने तकनीकी एवं चिकित्सकीय सहयोग किया, कार्यक्रम में मुख्यरूप से राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सत्यपाल सिंह ने रक्तदान कर रक्तवीर बन कर समिति को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रदेश समिति से अजय सिकरवार (प्रदेश अध्यक्ष), मानवेंद्र तोमर (महामंत्री), रवि सक्सेना (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), रघुकुल रमन, अजय राजपूत, संजय सिंह तोमर, नीरज वरुण, यशवेंद्र सिंह अजय बौद्ध कोषाध्यक्ष तथा जिला



कार्यकारिणी से प्रभु दयाल सिंह ( जिला अध्यक्ष) , सोमवीर सिंह जिला संयुक्त मंत्री लोकेंद्र कुमार शर्मा जिला महामंत्री, , स्वतंत्र मोहन, आनंद वर्मा, अमित कुमार (जिला मीडिया प्रभारी ) अब्दुल गफ्फार जमाई, आई टी सेल प्रभारी, कुलदीप सिंह उपाध्यक्ष, विश्वनाथ प्रताप सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश सिंह सिकरवार वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, मयंक वशिष्ठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रपाल सिंह राणा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक वर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अरुण सिकरवार ब्लॉक अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, रजनी गुप्ता आई टी सेल प्रभारी, रश्मि सिंघल स्मिता सिंह दीपा खंडेलवाल, सविता विशन, प्रार्थना मिश्रा, एवं सैकड़ो की संख्या में बी .एल.ओ, सुपरवाइजर, पदाभिहित एवं निर्वाचन कार्य में सलग्न कर्मचारियों ने एवं सैकड़ों शिक्षकों ने उपस्थित होकर रक्तदान किया। आज का संचालन प्रदेश संगठन मंत्री सजंय सिंह तोमर एवं नीरज वरुण जी एवं अमित कुमार श्रीवास्तव जी ने किया।

## श्यामों में लगी कवाड़े के गोदाम में भयंकर आग, क्षेत्रीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

सांध्य पहल/संवाददाता शिवम अरेला



**आगरा।** आगरा शमसाबाद रोड स्थित ग्राम श्यामों में हाट मोहल्ले में प्रीति वर्तन भंडार के नाम से वर्तन की दुकान है, जिसमें दुकान के पीछे कबाड़े का गोदाम बना रखा है, गोदाम में प्लास्टिक, लोहा आदि का कबाड़ा रखा रहता है। पीछे तालाब जो सूखा हुआ है। लगभग साढ़े पांच बजे आग का गुबार उठा तो प्लास्टिक की बोतले, टायर फटने की आवाजें आने लगी। लोग दहशत में आ गए। समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने उच्च अधिकारियों को सूचित कर पुलिस को सूचना दी। क्षेत्रीय लोगों ने अपनी अपनी समरसेविले चालू की पाइप डाल कर पानी का छिड़काव तथा नालियों से कीचड़ डालकर आग को काबू किया ।फूलसिंह, मोहन सिंह, विवेक जैन, रामप्रकाश आदि ने अपनी जान पर खेल कर आग पर काबू कर सांस में सांस ली मौके पर 112 की पुलिस, थाना ताजगंज पुलिस भी पहुंच गई थी ।आग वीरेंद्र सिंह राठौर पुत्र फूल सिंह निवासी गोबर चौकी की दुकान में लगी, जिसमें 3 लाख रुपए तक का नुकसान बताया है जो पिछले 2 वर्ष से कवाड़े को एकत्रित कर रहा था। समाजसेवी विजय सिंह लोधी ने आग बुझाने वाले तथा सभी सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

## गायत्री मंदिर के सामने जलभराव, नाले पर दबंगो का कब्जा, सड़क की पटरियों पर अवैध कब्जा, पर्यटक परेशान

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** तहसील एत्मादपुर के ब्लॉक खंदौली की ग्राम पंचायत आवलखेड़ा में पर्यटक स्थल गायत्री मंदिर के सामने रोड पर जल भराव रहता है काफी समय से इस समस्या का हल नहीं हो पा रहा नाले पर दबंगों का कब्जा होने के कारण पानी की निकासी नहीं होती पानी की निकाशी के लिए झरना नाले तक नाले का निर्माण हो तो समस्या का हाल हो सकता है।

**गायत्री मंदिर दुनिया में विश्व विख्यात है!**

हर रोज यहां पर्यटक आते हैं लेकिन मंदिर के सामने जल भराव बना रहता है पानी निकासी के लिए नाले में गंदगी भरी होने के कारण समस्या बनी रहती है नाले पर मकान एवं दुकानदारों का कब्जा है उसकी सफाई नहीं हो पाती इसलिए चाल बराबर की स्थिति का मुख्य कारण है दूसरी तरफ नाली का पानी किसी तालाब में नहीं जाता ग्राम पंचायत की जमीन में जाता है जब तक नाले का निर्माण झरना नाले तक नहीं होगा तब तक समस्या का समाधान नहीं होगा।

**पानी के लिए नहीं है कोई तालाब**

आधे गांव का पानी गायत्री मंदिर के सामने से नाले में जाता है इस पानी के लिए कोई तालाब नहीं है अन्य तालाबों में आधे गांव का पानी जाता है स्वास्थ्य केंद्र के सामने पंचायत की जमीन पर पानी भर जाता है पानी निकासी के लिए कोई जगह नहीं है।

**झरना नाले तक हो नाले का निर्माण**

पानी की समस्या का समाधान तभी हो सकता है जब नाले का निर्माण झरना नाले तक हो अगर ऐसा नहीं होता है तो समस्या का समाधान नहीं होगा।

**एक तरफ का नाला कर दिया है बंद**

श्रीदान कुबरिर इंटर कॉलेज की तरफ काफी वर्ष पहले नाले का निर्माण हुआ था लेकिन दुकानदारों ने उसे नाले को बंद कर दिया इस कारण भी जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

**नाले पर है अवैध कब्जा**

दूसरी तरफ बने नाले पर मकान मालिकों एवं दुकानदारों का अवैध कब्जा है नाले की सफाई अच्छी तरह से नहीं होती जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती इस कारण जल निकासी नहीं हो पाती।

## आंबेडकर जयंती से पहले जगमग हुए आंबेडकर पार्क, वाटिका और भवन

**- सीएम योगी के निर्देश पर आगरा मंडल में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान**

**- 14 अप्रैल को 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' थीम पर निकाली जाएगी प्रभात फेरी**


**आगरा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव राव आंबेडकर की 134 वीं की जयंती पूरे प्रदेश में राजकीय सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जयंती से पूर्व रविवार को मंडल के सभी जिलों में विभिन्न स्थानों पर लगी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के साथ- साथ अन्य महापुरुषों की प्रतिमाओं, समस्त पार्क और बगीची में विशेष साफ-सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और जयंती कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। योगी सरकार के निर्देश पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल से 28 अप्रैल 2025 तक 15 दिवसीय उत्सव मनाया जाएगा। ÷हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान÷ शीर्षक के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जयंती से पूर्व रविवार को आगरा मंडल के विभिन्न स्थानों पर बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर समेत अन्य महापुरुषों की प्रतिमा की साफ-सफाई के लिए अभियान चलाए गए। आगरा शहर में बिजली घर स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। पार्क में साफ-सफाई के साथ ही वहां लगे फाउंटेन, लाइटों की मरम्मत कर उन्हे दुरुस्त किया गया। नाला काजी पाड़ा स्थित डॉ.आंबेडकर भवन के आसपास साफ-सफाई के साथ रंगाई- पुताई कराई गई। डॉ. आंबेडकर की जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा मार्ग को गड्ढामुक्त कर मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था की गई। सुरक्षा की दृष्टि से नाले के किनारे पर ग्रीन नेट लगाकर ढका गया। शहर के देवरी रोड, नगला पदी, नगला बूढ़ी, कालिंदी विहार, बलकेश्वर, कमला नगर, विजयनगर, जीवनी मंडी, लोहा मंडी, जगदीश पुरा, प्रकाश नगर, जगन पुर, शाहगंज, प्रेम नगर, मुगल रोड, नई आबादी नगला फतुरी, यमुना ब्रिज आदि स्थानों पर बनी आंबेडकर वाटिका, पार्क, भवनों के आसपास भी



स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में धनौली, अकोला, ग्राम पंचायत मानिकपुरा, पिनाहट, ग्राम पंचायत ताहरपुर, सैंया, अरतौनी, बिचपुरी, ग्राम पंचायत नरहौली, बाह, सांथा, फतेहपुर सीकरी, सिरौली, अकोला में स्थित आंबेडकर वाटिका और भवनों पर भी सफाई अभियान चलाया गया। महापुरुषों की प्रतिमाओं को पानी से धोकर साफ किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रोटोकाल) प्रशांत तिवारी ने बताया स्वतंत्रता के अमृत काल में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पूरे जिले में 14 से 28 अप्रैल तक उत्सव के रूप में मनाई जाएगी। इसके तहत प्रार्थना सभा, क्विज, वाद विवाद प्रतियोगिता, प्रभात फेरी, महिला सशक्तीकरण एवं लैंगिक समानता आदि पर सेमिनार आयोजित होंगे। 14 अप्रैल को सुबह ?9=30 बजे से शहर के मुख्य मार्ग पर 'हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान' टैग लाइन वाले पोस्टर बैनर एवं झंडे के साथ प्रभात फेरी निकाली जाएगी। जनपद के समस्त कार्यालयों में प्रार्थना-सभा व बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं संविधान निर्माण में उनके व अन्य महापुरुषों की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती समारोह मनाया जाएगा।

## जाट महासभा ने मनाया अन्तरराष्ट्रीय जाट दिवस, पूर्वजों का किया भावपूर्ण स्मरण

**केन्द्रीय आरक्षण आन्दोलन के लिए जाट महासभा 27 अप्रैल को तय करेगी रणनीति**




सांध्य पहल संवाददाता

आगरा। अखिल भारतीय जाट महासभा ने आज अन्तराष्ट्रीय जाट दिवस के अवसर पर वृहद कार्यक्रम कर देश और समाज के लिये अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले पूर्वजों का भावपूर्ण स्मरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

शास्त्रीपुरम बिचपुरी रोड स्थित आशीर्वाद गार्डन में सम्पन्न कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने की एव? संचालन महामन्त्री वीरेन्द्र सिंह छोंकर ने किया। अन्तराष्ट्रीय जाट दिवस मनाने के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह ने कहा कि आज किसानों की खुशहाली का पर्व बैसाखी है आज के ही दिन गुरू गोविंद सिंह ने खालसा पन्थ की स्थापना की एव? आज के ही दिन लोहमर्षक जलिया वाला काण्ड हुआ था इसलिए 13-अप्रैल के दिन को जाट समाज अन्तराष्ट्रीय जाट दिवस के रूप में मनाता है और देश और समाज को अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महापुरुषों सम्राट पोरस पुरू, सम्राट अनंग पाल तोमर, सम्राट कनिष्का कुशन, सम्राट हरी सिंह नलवा, महाराजा सूरजमल, महाराजा रणजीत सिंह, जलियांवाला बाग के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करता है। जिला अध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने कहा नौजवानों की भविष्य के लिए केंद्रीय आरक्षण अति आवश्यक है इसके लिए बड़े आंदोलन की जरूरत है और अखिल भारतीय जाट महासभा 27 अप्रैल को मथुरा में होने जा रहे हैं जाट महासभा की क्रांति सम्मेलन में आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी। जाट महा सभा के संरक्षक पूर्व ब्लाक प्रमुख मानसिंह, पूर्व राष्ट्रीय सचिव ओ पी वर्मा, वीरपाल सिंह प्रधान व राधेश्याम मुखिया आदि ने 12- जून को लाल किले में आगरा विजय दिवस सरकारी स्तर पर मनाये जाने की सरकार से अपील की। जाट महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश चाहर, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राणा, चौ नवल सिंह, चौ गुलवीर सिंह राजवीर सिंह प्रधान आदि ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जोर दिया। विचार व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से गुड्डा प्रधान सुनारी,प्रदीप गंधार प्रधान बिचपुरी अजित चाहर प्रधान बरारा, कीर्ति प्रधान पूर्व पार्षद गजेंद्र नरवार, युवा जाट महासभा के महानगर अध्यक्ष लखन चौधरी,जिला संयोजक जी डी चाहर, युवा रालोद जिलाध्यक्ष मयंक खिरवार, अन्नू पहलवान, महानगर अध्यक्ष लखन चौधरी, जिला संयोजक जीडी चाहर, जिला मन्त्री जाट महा सभा सत्यवीर सिंह रावत व चौ ओमप्रकाश सिंह, जिला संगठन मंत्री नेपाल सिंह राना, किसान नेता कुशलपाल नादऊ, तोरन सिंह चाहर, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक चौधरी सुरजीत सिंह, डा जगपाल चौधरी, जिला मंत्री विजय पाल सिंह नरवार, रोहित चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## बेखौफ खनन माफिया के अवैध खनन की मिट्टी से भरे डंफर से हुआ बड़ा हादसा

**दक्षिणी बाईपास पर बैक करने के दौरान ट्रक से हुई भिड़ंत, चालक की हालत गंभीर**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत मिढ़ाकुर चौकी क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया के हौसले बुलंद बने हुए हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाकर डंके की चोट पर धरती की कोख को छलनी कर रहे इस खनन माफिया को लगातार संरक्षण मिल रहा है। संरक्षण के कारण इसके नेटवर्क का दायरा बढ़ता जा रहा है। बताया जाता है कि बीती रात्रि दक्षिणी बाईपास पर रायभा टोल प्लाजा के समीप अवैध खनन की मिट्टी से भरा डंफर बैक हो रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रक से इसकी भिड़ंत हो गई। हादसे इतना भीषण था कि ट्रक का चालक केबिन में फंसा हो रह गया। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे पुलिस ने इलाज हेतु आगरा भिजवाया।

ट्रक के परिचालक अजीत पुत्र ग्वालियर ने बताया कि चालक गोलू पुत्र मुनेश के साथ दिल्ली से ग्वालियर जा रहे थे। घटना के बाद दक्षिणी बाईपास पर यातायात अवरूद्ध हो गया। बेहद मुश्किलों के बाद यातायात सामान्य हुआ। आपको बता दें कि इस हादसे के बाद जिस खनन माफिया पर उंगली उठ रही हैं, इसी खनन माफिया के वाहन से पथौली-सदरवन मार्ग पर हादसा हुआ था। अवैध खनन की मिट्टी से भरा ट्रैक्टर कार से टकरा गया था। कुछ दिनों



तक शांत रहने के बाद इसने फिर से अवैध खनन का खेल शुरू कर दिया।

**डावली-सगुनापुर क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन**

बताया जा रहा है कि बीते दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में थाना किरावली के गांव डावली-सगुनापुर क्षेत्र के खेतों में रात के अंधेरे में हो रहे मिट्टी के अवैध खनन का प्रकरण सामने आया था। खनन माफिया द्वारा पहले इसी क्षेत्र में कस्ती बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया गया था। जिसकी शिकायत के बाद यहां से लोकेशन बदल ली गई। अब फिर से इसी स्थान पर अवैध खनन को शुरू कर लिया गया है।

**ऑनलाइन परमीशन की आड़ में जमकर हो रहा अवैध खनन**

सूत्रों के अनुसार, खनन माफियाओं द्वारा खेत मालिकों से उनका खेत मिट्टी निकालने हेतु किराए पर लिया जाता है।

इसके बाद ऑनलाइन परमीशन ली जाती है, जिसमें सिर्फ 98.9 घन मीटर की परमिशन मिलती है। परमीशन में साफ उल्लेखित होता है कि निजी प्रयोग हेतु दी गई इस परमीशन में सिर्फ फावड़े का ही प्रयोग होगा लेकिन इन खनन माफियाओं द्वारा बड़ी मशीन और डंफ़र लगाकर अवैध खनन को अंजाम दिया जाता है।

## मौनी बाबा मंदिर में महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कराने की मांग: किरावली में महापंचायत का आयोजन, किसान नेता समेत सैकड़ों लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**आगरा।** किरावली के प्राचीन मौनी बाबा मंदिर में रविवार को महापंचायत का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों प्रमुख लोग मौजूद रहे। किसान नेता मुकेश डागुर ने मंदिर में महापुरुषों की प्रतिमा लगाने की मांग रखी। महापंचायत में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर में इस मांग का समर्थन किया। इसके बाद एसडीएम किरावली राजेश कुमार जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया। किसान नेता मुकेश डागुर ने कहा कि प्राचीन मौनी बाबा मंदिर की पावन धरा का अस्तित्व बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को महापुरुषों की कुर्बानियों से अवगत कराना आवश्यक है। इसलिए मंदिर में महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को यह जानना जरूरी है कि महापुरुषों ने किस तरह समाज और देश की रक्षा की। समाज की बागडोर युवा पीढ़ी के हाथों में है। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। ज्ञापन में अन्य मांगों को भी शामिल किया गया है।

## एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर लोगों के पैसों को हड़पने वाले दो शातिर गिरफ्तार



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर ग्राहकों के रूपये चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को थाना कमलानगर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। दो अप्रैल को कैनरा बैंक के एक कर्मचारी द्वारा थाना कमलानगर पर शिकायत दी गई कि 30.03.2025 को दो संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा कमला नगर बाय पास स्थित कैनरा बैंक के एटीएम मशीन में एक काली प्लेट लगाई गयी है, जिससे ग्राहकों द्वारा निकाले गये रुपये एटीएम मशीन के बाहरी दरवाजे व प्लेट के बीच फंस गये। जिन्हें उक्त दोनों संदिग्धों द्वारा 30.03.2025 की दोपहर से एक अप्रैल की सुबह तक 7 से 8 बार में निकाला गया है। जिस सम्बन्ध में बैंक में अभी तक ग्राहकों की कुल 03 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इस संबंध में कर्मचारी की प्राप्त तहरीर के आधार पर दो अप्रैल को थाना कमलानगर पर मुकदमा संख्या 0-46/25 धारा 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु थाना कमलानगर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। 12 अप्रैल को गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ कर ग्राहको के रुपये निकालने वाले 02 अभियुक्त ऋषि व विपिन कुमार को प्रकाश नगर कालोनी की गली के अन्दर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 एटीएम कार्ड, 01 एटीएम मशीन खोलने की चाबी, 01 डबल साइड टेप, 02 काली सनमाइका तथा 3345/ रुपये व 02 मोबाइल फोन बरामद हुए है।

**मशीन में लगा देते थें सनवाइका**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह दोनों एटीएम मशीन का ताला खोलकर उसमें काला सनवाइका लगा देते थे, जिससे एटीएम मशीन से पैसे निकालने वाले व्यक्ति के पैसे अन्दर ही फंसे रहते थे, पैसे निकालने वाले व्यक्ति के एटीम से जाने के बाद दोनों अभियुक्तों द्वारा एटीएम मशीन को चाबी से खोलकर फसे रूपये निकाल लेते थे। तथा पुनः डबल टेप की मदद से सनवाइका को लगा देते थे। अभियुक्तों के पास से जो रूपये बरामद हुआ है, बह एटीएम मशीन से निकाले हुये रुपयों में से ही बचे हुये रुपये हैं। अभियुक्तों ने ही दिनांक 08.03.2025, दिनांक 09.03.2025, दिनांक 27.03.2025 व 30.03.2025 को कैनरा बैंक एटीएम सर्विस रोड कमलानगर में यह घटना की गई थी।

**पकड़े गए शातिर मैनपुरी के हैं निवासी**

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए अभियुक्तों में ऋषि पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट अंगोथा थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी और विपिन कुमार पुत्र श्री मकरन्द सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट अंगोथा थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी है। पुलिस टीम में थाना प्रभारी कमलानगर निशामक त्यागी एसआई विकास कुमार, एसआई निशान्त ढाका एसआई अंकित चौधरी, कास्टेबल सौरभ बालियान व चितवन राणा, व अंकित कुमार, शामिल रहे।

## पुलिस ने पालीवाल पार्क से दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, सामान बरामद

**आगरा।** बंद मकान का ताला तोड़कर पीली/सफेद धातु के आभूषण व रुपए चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को थाना हरिपर्वत पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के लगभग 04 लाख रुपये के पीली व सफेद धातु के आभूषण व 1000 हुए बरामद। एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि 08.04.2025 को एक व्यक्ति द्वारा थाना हरीपर्वत पर तहरीर दी गई कि दिनांक 06.04.2025 को पीड़ित अपने पूरे परिवार के साथ अपने भतीजे का मुंडन कराने के लिए गुरुग्राम गया था। दिनांक 07.04.2025 की शाम को पीड़ित अपने घर लौटा तो घर का ताला टूटा हुआ था और घर में रखे कीमती पीली व सफेद धातु के आभूषण और नगद रुपए अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं। इस संबंध में पीड़ित की प्राप्त तहरीर के आधार पर 08.04.2025 को थाना हरीपर्वत पर मुकदमा संख्या 118 25 धारा 305( ) 331(4) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। उपरोक्त चोरी घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु थाना हरीपर्वत पर पुलिस टीम का गठन किया गया, दिनांक 12.04.2025 को गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले 02 अभियुक्तों रजनीकांत उर्फ चांदी व विकास निगम उर्फ टिल्लन को चोरी किए गए ?1000/ व पीली व सफेद धातु के आभूषण के साथ पालीवाल पार्क से गिरफ्तार किया गया।

**शराब और जुआ के लिए करते थें चोरी**

पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह दोनों शराब पीने और जुआ खेलने के आदी हैं और रुपयों की कमी होने के कारण दिनांक 07.04.2025 को उन दोनों ने मिलकर बंद मकान का ताला तोड़कर घर में रखे ?27000/ और बरामद हुए पीली व सफेद सफेद धातु के आभूषणों को चोरी कर लिया बरामद हुए ?1000/ उन्हीं चोरी किए गए रूपयों में से खर्च करने के बाद बचे रुपए हैं । और बरामद लोहे की रॉड वही है जिससे उन्होंने उस घर का ताला तोड़ा था।

**एक आरोपी पर हैं 16 अपराधिक मामले दर्ज**

एसीपी हरीपर्वत आदित्य कुमार ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों में रजनीकांत उर्फ चंडी पुत्र जयकिशन निवासी नखासा खटीकपाड़ा घटिया आजम खान थाना हरीपर्वत और विकास निगम उर्फ टिल्लन पुत्र राकेश निवासी नाल बुढान सैयद घटिया आजम खान थाना हरीपर्वत आगरा हैं। अभियुक्त रजनीकांत उर्फ चंडी पर पहले से अगल-अलग थानों में 16 अपराधिक मुकदमे दर्ज है। दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेजा जाएगा।

**ये सामान हुआ बरामद**

अभियुक्त के कब्जे से 1000/ (चोरी के)। 01 नाक की लौंग (पीली धातु)। 02 अंगूठी (पीली धातु)। 01 कर्दनी (सफेद धातु) 7 01 चंदा, 01 सूरज, 01 हाय लिखा पैन्डल (सफेद धातु) 01 हार जिसमे सफेद मोती की माला व पीली डोरी बंधी है (पीली धातु का)। 02 पीली धातु के कडे 7 01 पीली धातु की चैन(पीली धातु) 01मंगलसूत्र (पीली धातु)। 06 जोडी पायल (12 नग पायल सफेद धातु)। 01. 04 नग बिछूए (सफेद धातु) 01 जोडी कडे बच्चे के सफेद धातु)। 01 लोहे की राड (चोरी की घटना में प्रयुक्त) आदि सामान बरामद हुआ। अभियुक्त रजनीकांत उर्फ चंडी पर थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही थी, जिसमें अभियुक्त सीसीटीबी फुटेज में अपराधिक घटनाओं में संलिप्त पाया गया जिस कारण थाना हरीपर्वत पर अभियुक्त की हिस्ट्रीसीट खोली गयी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी हरीपर्वत एवं प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय महाडिग, प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार, उप निरीक्षक योगेश कुमार उप निरीक्षक विक्रम सिंह, कास्टेबल नितिन बालियान व कुलकित, व अनूप कुमार, शामिल थे।




उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आगरा,
सोमवार 14 अप्रैल 2025


आज का तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

## राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य सहकारिता अनुबंधों का हुआ आदान-प्रदान

# मध्यप्रदेश, प्राथमिक साख सहकारी समितियों के कम्प्यूटराइजेशन में देश में प्रथम: केंद्रीय मंत्री श्री शाह

### सहकारी समितियां अब टिकट बुकिंग, बिल जमा करने, पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी चलाने जैसी गतिविधियां भी करेंगी संचालित

### सहकारी गतिविधियों से होने वाली आय किसानों के खातों में आएगी मुनाफा किसानों को मिलगा, व्यापारी को नहीं



### केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में सहकारी आंदोलन में आया क्रांतिकारी परिवर्तन: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रदेश के 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता ओर डेयरी गतिविधियों का विस्तार आवश्यक

### केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन







भोपाल। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि राज्यों में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां (पैक्स) के कंप्यूटराइजेशन का कार्य चल रहा है। इसमें मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। केंद्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में शत-प्रतिशत उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में साढ़े 5 करोड़ लीटर दूध का उत्पादन होता है जो देश के कुल उत्पादन का 9 प्रतिशत है। प्रदेश में सुशासन का दौर चल रहा है, यह सहकारिता को जीवंत करने का स्वर्णिम अवसर है। प्रदेश के किसानों के साथ केन्द्र सरकार चट्टान की तरह खड़ी है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ मिलकर कम से कम 50 प्रतिशत गांवों तक सहकारिता और डेयरी गतिविधियों का विस्तार करना आवश्यक है। इसके लिए आवश्यक नीति निर्माण और प्लानिंग भी करना होगी। केन्द्र सरकार की ओर से वित्तीय सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को दुग्ध उत्पादन का शत-प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित करनी होंगी। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग से विभिन्न उत्पाद निर्मित कर किसानों की आय बढ़ाने की ओर एनडीडीवी और राज्य सरकार एक साथ अग्रसर होंगे। यह रास्ता अभी टू-लेन है, जिसे 6 लेन में विस्तारित करना होगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह रविवार को भोपाल के रविन्द्र भवन में राज्य स्तरीय सहकारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और मध्यप्रदेश डेयरी फेडरेशन के मध्य अनुबंधों का आदान प्रदान हुआ।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा है कि देश में कृषि, पशुपालन और सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साढ़े तीन साल में सहकारिता क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। पैक्स के सशक्तिकरण, डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहन, उत्पादन के क्षेत्र में सहकारिता, गतिविधियों के विस्तार, नगरीय सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक और ग्रामीण बैंकों के सुचारू संचालन की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया गया। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने गठन के बाद सबसे पहले प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियों के लिए मॉडल बायलॉज विकसित कर उन्हें राज्यों के साथ साझा किया। यह प्रसन्नता का विषय है कि संपूर्ण भारत में यह बायलॉज को लागू किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने मॉडल बायलॉज को अपनाने के लिए सभी राज्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कदम से सहकारिता आंदोलन को नया जीवन प्राप्त हुआ है। सहकारी समितियां अब पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसी संचालन, रेल्वे टिकट बुकिंग, बिल जमा करने जैसी गतिविधियां भी संचालित कर रही हैं। एक समय था जब पैक्स केवल कम अवधि के लिए कृषि ऋष्ा उपलब्ध कराते थे जिसमें उन्हें केवल आधा प्रतिशत लाभ होता था। वर्तमान में पैक्स 30 से अधिक गतिविधियों में संलग्न है इससे उनकी आय भी बढ़ रही है। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा है कि देश के विभिन्न राज्यों में सहकारिता आंदोलन धीरे-धीरे मृत प्रायः होता जा रहा था। पूरे देश में सहकारिता आंदोलन का परिदृश्य भिन्न-भिन्न था। छ- राज्यों में सहकारिता आंदोलन गति पर पकड़ चुका है, कुछ जगह इसका सरकारीकरण हुआ, परंतु कुछ जगह इसे नुकसान भी हुआ । इस स्थिति का मूल कारण यह था कि समय के साथ कानूनों में जो बदलाव होना चाहिए थे वे नहीं हुए। संवैधानिक व्यवस्था में सहकारिता राज्यों का विषय है, बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कानून में बदलाव नहीं किया गया और न ही कानून बनाए गए। देश की राजनीतिक- भौगोलिक स्थिति, ग्रामीण, कृषि विकास और पशुपालन के आयाम पर समग्रता में केंद्रीय स्तर पर कभी विचार नहीं किया गया। यह संभव भी नहीं था, क्योंकि केंद्रीय स्तर पर कोई सहकारिता मंत्रालय था ही नहीं। आजादी के 75 साल बाद, प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केंद्रीय स्तर पर सहकारिता मंत्रालय स्थापित किया। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्राथमिक सहकारी संस्थाओं को सशक्त करने के लिए त्रि-स्तरीय सहकारी व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति और डेयरी व मछुआरा गतिविधियों को जोड़कर एम-पैक्स बनाने का कार्य नए बायलॉज द्वारा संभव हो सका। इसके साथ ही केंद्र सरकार द्वारा 2500 करोड़ की राशि से सभी पैक्स का कंप्यूटराइजेशन किया गया। अब पैक्स, जिला सहकारी बैंक, राज्य व सहकारी बैंक के साथ-साथ नाबार्ड से भी जुड़े हैं। इसके साथ ही इनके ऑनलाइन ऑडिट की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किसानों की सुविधा के लिए स्थानीय भाषा में कार्य के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर तीन नई किसान सहकारी समितियां का गठन किया गया। किसानों के उत्पाद को ग्लोबल मार्केट में स्थान मिले, इसके लिए एक्सपोर्ट को-ऑपरेटिव बनाया गया, ऑर्गेनिक को-ऑपरेटिव का गठन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार



### पीएम मोदी सोमवार को हरियाणा में रेवाड़ी बाईपास का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को हरियाणा जाएंगे। वह हिसार हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करेंगे और सुबह करीब 10:15 बजे हिसार से अयोध्या के लिए वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। वह एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी दोपहर बाद लगभग 12:30 बजे यमुनानगर में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करेंगे।

उन्होंने अपने दौरे की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, अम्बेडकर जयंती पर कल (सोमवार) का दिन हरियाणा की विकास यात्रा को समर्पित रहेगा। सुबह करीब 10:15 बजे हिसार-अयोध्या के बीच कमर्शियल फ्लाइट का शुभारंभ और एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शिलान्यास करूंगा। दोपहर बाद यमुनानगर में भी कई परियोजनाओं से जुड़ा कार्यक्रम है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव महू में अम्बेडकर जयंती उत्सव में होंगे शामिल

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जयंती उत्सव पर 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर नगर महू में उनकी जन्मस्थली स्मारक पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रातः11 बजे भीम जन्म भूमि पधार कर सर्वप्रथम डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा को नमन करेंगे। इसके बाद अस्थि कलश पर पुष्प वर्षा का बुद्ध वंदना में शामिल होंगे। साथ ही भन्ते धर्मशील जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर पुस्तक विमोचन कर भीम रत्न अवार्ड भी प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष इंदौर जिले के डॉ. अम्बेडकर नगर महू स्थित उनकी जन्म स्थली पर पूर्ण आस्था के साथ जयंती उत्सव मनाया जाता है। उत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और उनके अनुयायी शामिल होते हैं।

## राष्ट्रपति ने अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, हमारे संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने आगे कहा, अपने प्रेरणादायक जीवन में बाबा साहेब ने अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपनी एक अलग पहचान बनाई और अपनी असाधारण उपलब्धियों से दुनिया भर में सम्मान प्राप्त किया।

राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि असाधारण प्रतिभा और बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी बाबा साहेब एक अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, विधिवेत्ता और महान सामाजिक सुधारक थे। वे समतामूलक समाज के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने महिलाओं व वंचित वर्गों के आर्थिक तथा सामाजिक अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और दलितों के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन मानते थे। विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान से आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर, आइए हम डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लें और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करें, जिसमें सामाजिक सद्भाव और समानता की भावना समाहित हो। बता दें कि हर साल 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती मनाई जाती है। यह दिन भारत के संविधान निर्माता, सामाजिक सुधारक और दलित आंदोलन के प्रणेता डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन को चिह्नित करता है। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम, रैलियां और सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की समानता, शिक्षा, और सामाजिक न्याय के योगदान को याद किया जाता है।

## दिल्ली लाल किले पर विक्रम गाथा की गूंज

## सीएम यादव बोले:सम्राट विक्रमादित्य का शासन राम राज्य की याद दिलाता है

### केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा कार्यक्रम में हुए शामिल




**नई दिल्ली,एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के लाल किले पर सम्राट विक्रमादित्य का महानाट्य शुरु हो चुका है। माधवदास पार्क में आयोजित इस महानाट्य महा मंचन के दूसरे दिन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत राज्य के दोनों डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ल शामिल हुए। सीएम ने सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी और दूसरे दिन के महानाट्य महा मंचन कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया।

दूसरे दिन भी मुख्यमंत्री सीएम मोहन यादव ने सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य मंचन कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लाल किले का यह प्रांगण और कितना सुखद संयोग है लाल किले की प्राचीर की यह इमारत भारत के गौरवशाली अतीत के लिए सीना तान करके दुनिया के सामने खड़ी है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र जिसके कारण से गौरवान्वित होता है, भारत माता की यह पवित्र राजधानी है। अपने संबोधन में सीएम मोहन यादव ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने भारत की मान मर्यादा को बिगाड़ने के लिए लोभ लालच से हमारी संस्कृति को चुनौती दी, लेकिन हमारे वीर महापुरुषों ने अपने इस काल को हमेशा भारत की आन-बान-शान को लगाकर दुनिया के सामने स्थापित किया। जिस कारण से यह कहा गया है कि इस संस्कृति का कभी अंत नहीं हो सकता है। सनातन संस्कृति गंगा की अविरल धारा की तरह उज्जवल धवल नीर की तरह बहती रहेगी। हम भाग्यशाली हैं और सौभाग्यशाली हैं, यहां के वीरों और महापुरुषों ने भारत की आन बान शान को लगाकर दुनिया के सामने स्थापित किया है। विक्रमादित्य का वो काल जिसमें आततायियों ने सीमाओं को पार कर देश को आतंकित किया । विक्रमादित्य ने अपने तलवार के बलबूते पर न केवल पूरे देश को सुशासन में बदला बल्कि देश से आगे जाकर शासन की व्यवस्थाओं के बलबूते समूची मानवता को धन्य करते हुए सुशासन के सारे तंत्र को पुनर्स्थापित किया । सीएम ने कहा, एक नहीं सभी गुणों से युक्त होकर शासन का जैसा दायित्व हो सकता है वीरता, धीरता, गंभीरता, दानशीलता के गुणों से विक्रमादित्य ने काम किया। हमारे यहां संवत प्रवर्तन में भी विक्रम संवत को प्रारंभ करने की परंपरा को सम्राट विक्रमादित्य ने गौरवान्वित किया। विक्रमादित्य के शासन को याद करते हैं तो वह भगवान श्री राम के रामराज्य को याद दिलाता है। सीएम मोहन यादव ने पीएम मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उस काल के शासनकाल को याद करते हुए सम्राट विक्रमादित्य के शासन के प्रति अपनी शुभकामनाएं दी हैं आज के इस दौर में वही समय दिखाई दे रहा है।

## बंगाल में हिंदुओं की निर्मम हत्या हो रही है, मुख्यमंत्री योगी ने बंगाल में जारी हिंसा पर लगाए आरोप



**लखनऊ ,एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ संसोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है. पुलिस ने मर्शिदाबाद हिंसा में अब तक 150 लोगों को गिरफ्तार किया है. इस हिंसा में अब तक तीन लोगों की मौत हो गई है. इन मौतों पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ममता सरकार पर निशाना साधा है. सीएम योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाए कि बंगाल में हिंदुओं की निर्मम हत्या की जा रही है. सीएम योगी ने कहा कि बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं को घर से निकाल कर मारा जा रहा है. उनकी निर्मम हत्या की जा रही है. वक्फ संसोधन कानूनों के खिलाफ हिंसा भड़काई जा रही है।

## भारत ने विकसित की अत्याधुनिक लेजर हथियार प्रणाली, मिसाइलों और ड्रोन को पलक झपकते नष्ट करने में सक्षम

**कुरनूल ,एजेंसी।** भारत ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में आज एक बड़ी तकनीकी छलांग लगाई है. डीआरडीओ ने एमके-2(ए) लेज़र-निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण आंध्र प्रदेश के कुरनूल स्थित नेशनल ओपन एयर रेंज में किया है. इस सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास उच्च क्षमता वाली लेज़र- डीईडब्लू प्रणाली मौजूद है. पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित की गई एमके-2(ए) प्रणाली ने परीक्षण के दौरान अपनी संपूर्ण क्षमता का प्रदर्शन किया. इसने लंबी दूरी पर स्थित फिक्स्ड विंग ड्रोन को नष्ट किया, एक साथ कई ड्रोन हमलों को विफल किया और दुश्मन के निगरानी उपकरणों व एंटेना को भी पूरी सटीकता से तबाह किया. लक्ष्य पर कुछ ही सेकंड में त्वरित, सटीक और घातक प्रहार की क्षमता ने इसे अब तक का सबसे प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम बना दिया है।

### मायावती ने 40 दिन बाद भतीजे आकाश को माफ किया,बसपा में वापसी कराई

## बोलीं: उत्तराधिकारी नहीं बनाऊंगी, ससुर की गलतियां माफी लायक नहीं



**उत्तर प्रदेश,एजेंसी।** आकाश आनंद को उनकी बुआ और बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को माफ कर दिया। बसपा से निकाले जाने के 41वें दिन आकाश की फिर से पार्टी में एंट्री हो गई है। आकाश पार्टी से हटाए जाने से पहले नेशनल कोआर्डिनेटर और बसपा प्रमुख के उत्तराधिकारी थे। मायावती ने साफ कर दिया है कि जब तक वे स्वस्थ्य रहेंगी, किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाएंगी।

मायावती ने यह भी कहा- आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गलतियां माफी के लायक नहीं हैं। उन्होंने गुटबाजी और पार्टी विरोधी काम किए।

आकाश के करियर को भी बर्बाद करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। माफी मिलने के दो घंटे पहले आकाश आनंद ने मायावती से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगी थी। आकाश मायावती के सबसे छोटे भाई आनंद के बेटे हैं। मायावती ने उन्हें 15 महीने में 2 बार उत्तराधिकारी घोषित किया, लेकिन दोनों ही बार हटा दिया था। 3 मार्च को उन्हें पार्टी से भी निकाल दिया था।


## संपादकीय

# दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं

उम्मीद विधेयक राज्य सभा से भी पारित हो गया और अब इसके विधिवत कानून बनने में राष्टपति के हस्ताक्षर की औपचारिकता भर रह गई है। इस पर करीब 13 घंटे की लंबी बहस राज्य सभा में भी हुई। सरकारी पक्ष ने अपने उन्हीं तकरे को और अधिक वजनदारी के साथ आगे बढ़ाया जो उसने लोक सभा में रखे थे। यहां उम्मीद थी कि विपक्ष के खामियों का समुचित जवाब देंगे जो खामियां इस विधेयक को लाने का कारण बनी, लेकिन मुस्लिम वक्ताओं के साथ-साथ विपक्षी वक्ता भी इसे असंवैधानिक बताते रहे। यानी वे मुसलमान के इसी तर्क की पुष्टि करते रहे कि वक्फ बोर्ड अल्लाह के लिए है, इस्लामी कानून के तहत है, शरीयत की विधियों से संचालित है। इसलिए इसमें दुनियावी दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जा सकती। इस बहस ने कथित धर्मनिरपेक्षता का वह चेहरा फिर से उजागर कर दिया कि इस्लामी विधियों और प्रावधानों के साथ खड़े होना, भले ही वह आधुनिक युग में कितने भी निरर्थक क्यों ना हो गई हो, धर्मनिरपेक्षता है। यह धर्मनिरपेक्षता अंततः उन्हें कहां ले जाएगी यह तो भविष्य बताएगा, लेकिन हाल-फिलहाल इसकी बुरी तरह पराजय हुई है। विपक्ष अगर सचमुच इस मामले में अपनी साख बचाना चाहता है तो उसे यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि वक्फ कानून नये संशोधनों के साथ अस्तित्व में आ गया है। अब उसको ध्यान इस पर केंद्रित करना चाहिए कि इस नये कानून के आलोक में वक्फ बोर्ड भू-माफियाओं और निजी लाभ को पाने वाले स्वार्थी समूह की गिरफ्त से बाहर आए और उसका लाभ मुसलमान तक पहुंचे जो उसके वास्तविक हकदार हैं। विपक्ष को मुल्ला, मौलानाओं और मुसलमानों की राजनीति करने वाले राजनेताओं का मोह त्याग कर पसमांदा और सबसे निचली पायदान पर खड़े मुसलमानों के हित की वास्तविक लड़ाई लड़नी चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि मुस्लिम राजनीति गरीब मुसलमानों की आंख पर पट्टी बांधकर उनका दोहन, शोषण करती रही है और उन्हें अपने राजनीतिक हितों का मोहरा बनती रही है। इन मुसलमानों को कट्टरपंथी और स्वार्थी समूहों के चंगुल से बाहर निकलना समय की मांग है। उम्मीद की जानी चाहिए कि विपक्ष इस मांग को सुनेगा और अपनी मौजूदा नीति से बाहर निकाल कर निम्नवर्गीय मुसलमानों के हित में संघर्ष करेगा।

# बाबा साहेब आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करता मध्यप्रदेश

अलूने



डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर भारत के महान विधिवेत्ता,एक दूरदर्शी चिंतक और समाज सुधारक थे। उन्होंने एक ऐसे राज्य की कल्पना की थी जो समानता, न्याय और मूलभूत अधिकारों को हर नागरिक के लिए सुनिश्चित करे। डॉ.आंबेडकर वंचितों, शोषितों, मजदूर, किसान, पिछड़े समाज और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संकल्पित थे, उनका यह आग्रह देश के संविधान में भी दिखाई पड़ता है। डॉ. आंबेडकर के चिंतन और संघर्ष का मूल उद्देश्य सामाजिक न्याय, समानता और सम्मान के साथ सभी का खुशहाल जीवन था। मध्यप्रदेश में बड़ी आबादी अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डॉ. आंबेडकर की संकल्पना को साकार करते हुए राज्य सरकार वंचित और गरीब वर्गों के सर्वंगीण विकास और खुशहाल जीवन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव संविधान दिवस (26 नवम्बर) पर मध्यप्रदेश में निवेश लाने के लिए अपने यूके-जर्मनी दौरे के बीच लंदन में उस स्थान पर पहुंचे जहां 1920 के दशक में डॉ. आंबेडकर ने निवास किया था। डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। दरअसल भारतीय संविधान की प्रस्तावना एक उद्घोषणा है, जो संविधान की मूल भावना, उद्देश्यों और आदर्शों को दर्शाती है। यह संविधान के उद्देश्यों की आधारशिला है। प्रस्तावना में समस्त नागरिकों के लिये सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का संकल्प दिखाया गया है और प्रदेश उन संकल्पों को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। मध्यप्रदेश में डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में हुआ था और राज्य उनके विचारों को साकार करने वाली भूमि के रूप में पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने जनकल्याणकारी कार्यो से यह सुनिश्चित किया है कि वंचित वर्गों के लिए संचालित कार्यक्रम और योजनाओं को डॉ. आंबेडकर की अपेक्षाओं के अनुरूप व्यवहारिक जीवन और नीति निर्माण में भी उतारा जाए। भारत एक कल्याणकारी राज्य है, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों, विशेष रूप से गरीब वर्ग के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी लोक कल्याणकारी योजनाओं का लक्ष्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के चिंतन के अनुरूप 'सबका साथ और सबका विकास' को बनाया है।

**सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में विकसित होगा महू का सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की है कि डॉ. आंबेडकर की जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. आंबेडकर शिक्षा को जीवन का सबसे ताकतवर हथियार मानते थे। उनके लिए शिक्षा सिर्फ व्यक्तिगत तरक्की का साधन नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन, समानता और न्याय का रास्ता थी। उन्होंने शिक्षा को दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्गों के लिए मुक्ति का द्वार बताया था। उनका मानना था कि उच्च शिक्षा संस्थान वैज्ञानिक, शिक्षाविद, विचारक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करते हैं। अब डॉ. आंबेडकर से प्रेरणा लेकर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस से उत्कृष्ट विद्यार्थी निकल सकेंगे।

**पंच तीर्थ की यात्रा कराएगी सरकार**

म.प्र. के महू में डॉ. आंबेडकर स्मारक के साथ कई अन्य स्थान भी हैं, जो उनके संघर्ष और योगदान को याद दिलाते हैं। यह स्थल पूरे देश के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत हैं। महू डॉ. आंबेडकर के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। देश विदेश से लाखों लोग यहां पर आते है। मध्यप्रदेश सरकार डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की स्मृति में पंच तीर्थो- उनके जन्म स्थान, दीक्षा स्थल, कर्मभूमि, शिक्षा स्थल और जहां उनका महा-परिनिर्वाण हुआ था। सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत इन पंच तीर्थों बाबा साहेब की जन्मस्थली महू, दीक्षा भूमि नागपुर, महा-परिनिर्वाण स्थली दिल्ली, चैत्य भूमि मुंबई और यूके के लंदन में स्थित पढ़ाई के समय का उनका निवास स्थल शामिल हैं। सागर जिले के करीब ढाई सौ वर्ग किलोमीटर आरक्षित वन क्षेत्र को प्रदेश का 25वाँ अभयारण्य घोषित किया है। संविधान के शिल्पकार डॉ.आंबेडकर के पर्यावरण संरक्षण के प्रति आग्रह को याद करते हुए अभयारण्य का नाम डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से रखा गया है। अभयारण्य के गठन से वन एवं वन्य-प्राणियों का संरक्षण एवं संवर्धन होगा। इस अभयारण्य से पारिस्थितिकीय तंत्र में खाद्य श्रृंखला सुदृढ़ होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

**प्रदेश का सबसे लम्बा फ्लाई ओवर ब्रिज डॉ. आंबेडकर के नाम**

सेतु केवल दो स्थानों को जोड़ने वाली संरचना नहीं होती बल्कि यह संपर्क, विकास और विश्वास का प्रतीक होता है। देश के हृदय प्रदेश की राजधानी भोपाल के हृदय-स्थल कहे जाने वाले महाराणा प्रताप नगर में बने प्रदेश के सबसे (2.73 किमी) लंबे फ्लाई-ओवर का नामकरण बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेकता में एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया है।

**डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना, किसान समृद्धि की नई पहल**

समता और समानता के पैरोकार रहे डॉ.आंबेडकर के नाम पर राज्य सरकार ने किसानों की समृद्धि के लिए 'डॉ. आंबेडकर पशुपालन विकास योजना' को मंजूरी दी। पशुपालन और डेयरी, कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, अपितु आधुनिक भारत में भी एक बड़ा आर्थिक क्षेत्र है। पशुपालन एवं डेयरी और डॉ. भीमराव आंबेडकर का संबंध मुख्य रूप से समाज के आर्थिक उत्थान और सामाजिक न्याय से जुड़ा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने हमेशा सामाजिक और आर्थिक समानता की बात की और समाज के प्रत्येक वर्ग को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया। पशुपालन और डेयरी उद्योग को उन्होंने आर्थिक स्वतंत्रता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा, विशेष रूप से दलित, जनजातीय और पिछड़े समुदायों के लिए।

डॉ. आंबेडकर ने समाज में समानता और सशक्तिकरण के लिए जो मार्गदर्शन दिया, वह मध्यप्रदेश में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो, इसके लिए राज्य सरकार लोक-कल्याण के व्यापक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, डॉ.आंबेडकर की कल्पनाओं को साकार करते हुए सुशासित प्रदेश की अवधारणा पर प्रदेश के विकास को तीव्र गति से आगे बढ़ा रहे है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में समान अवसर और समावेशी विकास की योजनाओं ने उसे एक सशक्त और प्रगतिशील राज्य बना दिया है। मध्यप्रदेश डॉ. आंबेडकर के सिद्धांतों के अनुरूप आगे बढ़ रहा है।

# गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़

पंकज चतुर्वेदी

भारत के सबसे बड़े महानगरों में से एक मुंबई की प्यास बुझाने का दारोमदार जिन सात जलाशयों पर है, उनमें मार्च के चौथे हफ्ते में ही महज 37.67 प्रतिशत पानी बच रह गया। इन जलाशयों में फिलहाल 5 लाख 45 हजार 183 मिलियन लीटर पानी है। दावा है कि यह जल बमुश्किल मई महीने तक चल पाएगा। हर दिन 400 करोड़ लीटर पेयजल की मांग वाले इस महानगर में समय से पहली आई गर्मी ने पानी का गणित बिगाड़ दिया है। गर्मी के कारण जलाशयों में वाष्पीकरण तेज हो गया है। इसलिए जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। देश के दूसरे संरक्षित जलाशयों के हालात भी मुंबई से बेहतर नहीं हैं। केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश के अधिकांश बड़े जलाशयों में पानी उनकी कुल क्षमता के मुकाबले 45त्न तक कम हो गया है। वहीं, मौसम विभाग ने मार्च से मई के बीच भीषण गर्मी की चेतावनी दी है, तीखी गर्मी यानी जमा जल का अधिक वाष्पीकरण। सीडब्ल्यूसी के अनुसार, देश के 155 प्रमुख जलाशयों में फिलहाल 8,070 करोड़ क्यूबिक मीटर (बीसीएम) पानी बचा है, जबकि इनकी कुल क्षमता 18,080 करोड़ क्यूबिक मीटर है। जलाशय आरक्षित जल-कुंड हैं, जो खेती-किसानी की जान होते हैं। अभूत से कल-कारखाने भी इनके पानी पर निर्भर हैं। पेयजल तो है ही। यदि इन जलाशयों में पानी पर वाष्पीकरण की चोट गहरी हुई तो जान लें कि रबी और खरीफ के बीच तीसरी फसल लेने वाले खेत खाली ही रहेंगे। यदि जलाशय खाली, नदी सूखी तो बहुत सी जल विद्युत परियोजनाओं का ठप होना भी तय है। चिलचिलाती गर्मी में बिजली की कमी बड़े स्तर पर हाहाकार का न्योता है। संकट अकेले जलाशयों का नहीं है, नदियां भी समय से पहले सूख रही हैं। नदियों का सूखना अकेले पानी की कमी ही नहीं होता, इससे समूचे पर्यावरणीय तंत्र का नुकसान होता है। जमीन की नमी कम होने से ले कर जल-जंगल के जीव तक इससे प्रभावित होते हैं, और यह समूचा तंत्र जंगलों के नुकसान का कारण बनता है। खून से लाल बस्तर की जीवन रेखा कहलाने वाली इंद्रावती नदी फरवरी के अंतिम हफ्ते में ही मैदान बन गई। बालाघाट की बावन थड़ी नदी हो या फिर अम्बिकापुर की बांकी नदी या बदायूं की सोत नदी, हर जगह जलधर की जगह रेत का मैदान है और लगता है कि नदी वास्तव में पानी के लिए नहीं, बल्कि बालू के लिए होती है। यह बात सीडब्ल्यूसी कह रहा है कि देश की 20 नदी घाटियों में से 14 में मौजूदा जल भंडार उनकी क्षमता के मुकाबले आधे से भी कम है। इन नदी बेसिनों में से गंगा अपनी सक्रिय क्षमता के मुकाबले मात्र 50 फीसद पर है, जबकि गोदावरी में 48, नर्मदा में 47 और कृष्णा में 34 फीसद पानी ही शेष बचा है। यह परिदृश्य भूजल के लिए सबसे बड़ा खतरा है और हमारे देश की अधिकांश ग्रामीण जल योजनाएं भूजल पर ही निर्भर हैं। बढ़ती गरमी, घटती बरसात और जल संसाधनों की नैसर्गिकता से लगातार छेड़छाड़ का ही परिणाम है कि बिहार की 90 फीसद नदियों में पानी नहीं बचा। कुछ दशक पहले तक राज्य की बड़ी नदियां-कमला, बलान, फल्गू, घाघरा आदि-कई-कई धाराओं में बहती थीं जो आज नदारद हैं।

# बजट 2025 पर एक नजर

पूर्ति शर्मा

717.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विदेशी कर्ज वाले देश में विकास की योजना बनाने, 100 प्रतिशत रोजगार, स्टार्टअप के साथ युवाओं को प्रोत्साहित करने और 70 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी के साथ किसानों के लिए लाभकारी नीतियों का आग्रह किया गया है। जमीनी हकीकत बुनियादी उपभोग उत्पादों पर जीएसटी नीतियों के बढ़ने के साथ बजट का एक और पहलू दिखाती है। कर नीतियों, आयात शुल्कों में वृद्धि और बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ-साथ 9.2त्न की बेरोजगारी दर अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा और भ्रष्टाचार आधारित रोजगार को जन्म देती है। जबकि हमारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्यात, नवाचार के लिए निवेश, लोगों और अर्थव्यवस्था, वित्तीय क्षेत्र में सुधार और एमएसएमई नीतियों को प्रोत्साहित करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए पूरी आर्थिक योजना बनाई। संतुलित विकास "सबका साथ सबका विकास" की पहल के साथ बजट पारित हुआ। सरकार का अनुमान है कि चालू वर्ष से कुल प्राप्तियां 50 लाख करोड़ से अधिक होंगी और 2025 में आरबीआई द्वारा अनुमानित 6.7त्न जीडीपी विकास दर के साथ-साथ 60 लाख करोड़ से अधिक राजस्व खर्च करने की योजना है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एनके सिंह ने हमारे वित्त मंत्री की प्रशंसा की है क्योंकि बजट से डिस्पोजेबल आय उत्पन्न होने का अनुमान है और यह मांग और खपत को प्रोत्साहित कर सकता है। जबकि एक अन्य अर्थशास्त्री अभीक बरुआ आर्थिक योजना में मामूली मुद्रास्फीति का विश्लेषण करते हैं। जबकि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने संतुलित विकास के साथ रोजगार पैदा करने वाले बाजार के साथ टिकाऊ निवेश के लिए एक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बजट का निष्कर्ष निकाला है। इसके अलावा, बजट 2025-26 भारतीय अर्थव्यवस्था और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के लिए संतुलित विकास को बढ़ावा देगा।

# राशिफल

**मेष**

आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। आज माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तक पहुंचाने में मदद करेगा। आपको किसी काम में दोस्तों से सहायता मिलेगी।

**वृषभ**

आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार वालों के साथ टाइम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आप किसी काम को नए सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज आपके कार्य समय से पूरे होते चले जाएंगे।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं। आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। आपको मनचाही जगह पर ट्रांसफर का ऑफर मिल सकता है।

**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है। छात्रों के लिए दिन ठीक है। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। अगर आप स्टूडेंट हैं और किसी विषय के लिए ट्यूशन क्लासेज लेना चाहते हैं, तो आज से शुरू कर सकते हैं।

**कन्या**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जाएगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे, सीनियर आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आप अपनी बात दूसरों को समझने में बहुत हद तक सफल होंगे।

**तुला**

आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आपको अपने करियर का बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। अगर आप नौकरी कर रहे हैं तो अचानक आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे, लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। आपको अपना काम समय पर पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। किसी नए बिजनेस की शुरुआत के लिए पैसा उधार लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज का दिन जीवन में किसी नई खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आयेंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रांग रहेंगे। इंजीनियर्स को बड़ा फायदा होगा। इस राशि के मैनेजर पोस्ट के लोग अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं। आज आपके व्यापार की गति बढ़ेगी। इनकम बढ़ाने के मौके भी मिलेंगे।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। अपने कठिन विषयों को समझने के लिए किसी की मदद लेंगे। घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद मिलेगी। आपका प्रोजेक्ट समय रहते पूरा हो जाएगा।

**मकर**

आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टोरेंट में डिनर करने का प्लान बनाएंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा। इस राशि के स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग ले सकते हैं। आज आप अपने करियर के बारे में सोच-विचार करेंगे। आपके धन-संपत्ति में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सेहत के मामले में आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको ऐसा काम दिया जाएगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनों की मदद के लिए तैयार रहेंगे। इस राशि के बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिलेंगे। बच्चे पार्क में अपने दोस्तों के साथ खेलने जा सकते हैं।

**मीन**

आज का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से संबंधित हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। घर के ज्यादातर कार्य पूरा करने में सफल होंगे। छात्रों को आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

## अंबेडकर जयंती पर विशेष

# अंबेडकर का मंत्र: दुनिया को जीतने का शस्त्र है शिक्षा

**डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन का अधिकांष समय सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्श में बिताया। उन्होंने "अछूत" कहे जाने वाले वर्गों के लिए शिक्षा, नौकरियों और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की वकालत की। उनका मानना था कि यदि सामाजिक बराबरी नहीं होगी, तो लोकतंत्र भी अधूरा रहेगा। उन्होंने ऐसा संविधान तैयार किया जो लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने यह सुनिष्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार मिले, विषेश रूप से दलितों और पिछड़ों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की गई। अंबेडकर जयंती पर याद करते हैं बाबा साहेब का समाज और देश के लिए योगदान....**

डॉ. केशव पाण्डेय



आज अंबेडकर जयंती है...भारत के इतिहास में ऐसी अनेक महान विभूतियां हुई, जिन्होंने देश की दिशा और दशा को बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई। इन्हीं महान पुरुषों में एक सर्वाधिक प्रभावशाली व्यक्तित्व थे, डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर। जिन्हें पूरा देश श्रद्धापूर्वक ÷बाबा साहेब÷ के नाम से भी जानता है। बाबा साहेब की एक समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद्, भारत के संविधान निर्माता के रूप में ख्याति है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन दलितों, शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान हेतु समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि वह आज भी सामाजिक न्याय और समानता की मशाल जलाए हुए है। उन्होंने समाज व देश को तीन मंत्र दिए- शिक्षित बनों, संघर्ष करो और संगठित रहो। यह केवल जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। अंबेडकर जयंती को भीम जयंती के नाम से भी जाना जाता है। भीमराव का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू कस्बे में महार जाति के दलित परिवार में हुआ था। उनका पूरा नाम भीमराव रामजी अंबेडकर था। उनका पारिवार सामाजिक रूप से निम्न समझे जाने वाले वर्ग से संबंध रखता था। उनके पिता सेना में सूबेदार थे, फिर भी उन्हें समाज में तिरस्कार झेलना पड़ा। अंबेडकर बचपन से ही अत्यंत मेधावी थे, लेकिन सामाजिक भेदभाव के कारण उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपनी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और बाधाओं के बावजूद एलफिंस्टन कॉलेज से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। वे अमेरिका गए और कोलंबिया विश्वविद्यालय से एमए और पीएचडी की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से कानून और अर्थशास्त्र की शिक्षा लेकर भारत लौटे। डॉ. अंबेडकर का कृतित्व बहुआयामी रहा है। वे केवल एक शिक्षित व्यक्ति नहीं थे, बल्कि उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग समाज में वास्तविक परिवर्तन लाने हेतु किया।



अंबेडकर के मंत्र: शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो

छुआछूत और सामाजिक असमानता को मिटाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी जयंती स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और भारतीय संविधान के प्रमुख वास्तुकार डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की स्मृति का सम्मान करती है। उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है। वे भारतीय समाज के लिए एक महान सुधारक, संविधान निर्माता और दलितों के अधिकारों के रक्षक थे। उनका जीवन और कार्य समाज में समानता, न्याय और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित था। बाबा साहेब एक जाने-माने वकील थे। उन्होंने न केवल अपने मुवक्किलों के लिए वकालात की बल्कि समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों की भी वकालत की। उनकी गिनती आज भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ वकीलों में होती है। स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। वे संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त हुए उन्होंने भारत को सशक्त संविधान देकर एक महान लोकतंत्र की नींव रखी बल्कि देश के लाखों दलितों और वंचितों की प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त किया। उन्होंने ऐसा संविधान तैयार किया जो लोकतंत्र, समानता, स्वतंत्रता, और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार मिले, विशेष रूप से दलितों और पिछड़ों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की गई। जाति प्रथा और छुआछूत से क्षुब्ध होकर 1956 में बौद्ध धर्म अपना लिया और लाखों अनुयायियों को भी इसके लिए प्रेरित किया। उन्होंने बौद्ध धर्म को मानवता और समानता का प्रतीक माना। उनका यह कदम सामाजिक क्रांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा हथियार माना। उनका मानना था कि ÷शिक्षा वह शस्त्र है जिससे हम दुनिया को जीत सकते हैं।÷ उन्होंने दलित समाज को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया और कई शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की। उनका उद्देश्य था ÷शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। उन्होंने नारी शिक्षा, उनके कानूनी अधिकार और समानता की पुरजोर वकालत की। वे महिला सशक्तिकरण को सामाजिक परिवर्तन का एक अनिवार्य हिस्सा मानते थे। सामाजिक न्याय और समानता के लिए उन्होंने 'मुक्ति' के कई आंदोलनों का नेतृत्व किया जैसे कि महाड सत्याग्रह (1927) जहाँ उन्होंने दलितों को सार्वजनिक जल स्रोतों से पानी पीने का अधिकार दिलवाया। इसके साथ ही उन्होंने जाति व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई। उनका व्यक्तित्व संयमित, विद्वान, दृढ़निश्चयी और साहसी था। वे अत्यंत मौलिक विचारक थे और अंधविश्वासों व रूढ़ियों के प्रबल विरोधी थे। उन्होंने जातिवाद, पितृसत्ता और अन्याय के विरुद्ध निर्भीकता से आवाज उठाई। उनका आत्मविश्वास, तर्कशीलता और मानवीय संवेदना उन्हें एक विशेष स्थान प्रदान करता है। उनका योगदान केवल दलित समाज तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने पूरे भारतीय समाज के मूलभूत ढांचे को ही बदल डाला। राजनीतिक समानता के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक न्याय की अवधारणा को भारतीय लोकतंत्र में एकीकृत किया। आरक्षण व्यवस्था के माध्यम से उन्होंने शोषित वर्गों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। श्रम कानूनों, मजदूर अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में उनके प्रयासों से श्रमिक वर्ग को अधिकार प्राप्त हुआ। उन्होंने जल नीति, औद्योगिक नीति और शिक्षा नीति पर भी गंभीर कार्य किया। आज जब समाज में फिर से जातिवाद, भेदभाव और असमानता की चुनौतियाँ बढ़ रही हैं, तब डॉ. आंबेडकर की विचारधारा और उनके सिद्धांत पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के उनके आदर्श आज भी संविधान के मूल स्तंभ हैं। उनका जीवन इस बात का प्रतीक है कि शिक्षा और आत्मबल से कोई भी व्यक्ति समाज की बेड़ियों को तोड़ सकता है। उन्होंने दिखाया कि सामाजिक क्रांति लाने के लिए केवल नारों की नहीं, बल्कि गहन अध्ययन, संगठन और सतत संघर्ष की आवश्यकता होती है। डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन एक प्रेरणा है कि कैसे एक व्यक्ति अपने विचारों और संघर्षों से पूरे समाज को बदल सकता है। उन्होंने भारत को एक न्यायप्रिय, समतामूलक और लोकतांत्रिक देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. भीमराव भारतीय इतिहास के एक ऐसे पुरुष थे, जिन्होंने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को आवाज दी, अधिकार दिलाया और आत्मसम्मान सिखाया। वे केवल एक व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं, सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र की विचारधारा। उनका जीवन हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है।उनके सिद्धांतों का अनुकरण करके ही एक सशक्त, समान और समावेशी भारत का निर्माण संभव है।

**नमन है उस युगपुरुष को, जिनका जीवन ही सामाजिक क्रांति की जीवंत मिसाल है।**

# पंचायतों की नल जल योजनाओं के नलकूपों एवं हैण्डपंपों में रिचार्ज के लिए सोकपिट निर्माण करायें : सांसद

## जिले में पेयजल की समस्या के समुचित समाधान के सभी प्रयास करें : सांसद



**रीवा,कासं.।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में विधानसभा क्षेत्र मनगवां और त्योंथर में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि जिले में पेयजल की समस्या में समुचित समाधान के सभी प्रयास किये जाय। विभागीय अधिकारी पंचायतों से समन्वय बनाकर प्रत्येक गांव में पेयजल की समुचित व्यवस्था करायें। खराब हैण्डपंपों के सुधार तथा बंद नल जल योजनाओं में सुधार के कार्य प्राथमिकता से किये जाय। किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या होने पर तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। पंचायतों की नल जल योजनाओं के नलकूपों व हैण्डपंपों में रिचार्ज के लिए सोकपिट का निर्माण भी कराया जाय। सांसद ने कहा कि जल स्तर घटने तथा अन्य कारणों से ग्रामीण क्षेत्रों व कस्बों में पेयजल आपूर्ति में कठिनाई आ रही है। गर्मी बढ़ने के साथ यह समस्या और भी बढ़ेगी। ऐसी स्थिति में पूर्व से ही इन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। उन्होंने कहा कि जल निगम द्वारा जहां पाइप लाइन डाल दी गयी है वहां वैकल्पिक तौर पर पीएचई के जल स्त्रोत से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करायी जाय। लालगांव कस्बे सहित अन्य पेयजल समस्या वाले क्षेत्रों में जल आपूर्ति की व्यवस्था योजना बनाकर करायें। उन्होंने कहा कि शासकीय बोरवेल व हैण्डपंपों को यदि किसी अशासकीय व्यक्ति द्वारा अतिक्रमित कर लिये जाने की शिकायत प्राप्त हो तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करायें। नल जल योजनाओं की यदि मोटर जल गई हो तो उसे 24 घण्टे में बदलकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक में त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि जल गंगा संवर्धन योजना के तहत ग्रामीण नल जल योजनाओं के बोरवेल व हैण्डपंपों में सोकपिट बन जाने से भूजल स्तर बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि जल निगम हर घर जल योजना का क्रियान्वयन तत्परता से करें ताकि गांव में अंतिम छोर तक के घर को निर्बाध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने त्योंथर क्षेत्र में सुधारे गये हैण्डपंप की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। विधायक श्री तिवारी ने कहा कि पीएचई व जल निगम की भूमिका जल आपूर्ति में प्रमुख है। विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें ताकि कहीं भी पानी की समस्या न आयें। उन्होंने त्योंथर, चाकघाट सहित रायपुर सोनौरी अंचल में पेयजल आपूर्ति की विस्तार से समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि बंद व गिरे-पटे बोरवेल की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाय। अनुपयोगी टंकियों का चिन्हांकन कर निष्पादित किये जाने की कार्यवाही करायी जाय। उन्होंने बाल्ब आपरेटर को मासिक पारिश्रमिक का भुगतान समय पर किये जाने की अपेक्षा की। विधायक ने कहा कि कार्य के प्रति लापरवाह उपयंत्रियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर भरकर रखने के निर्देश दिए गए हैं। नलजल योजनाओं के संचालन तथा खराब हैण्डपंपों के सुधार के लिए जनपद पंचायत पीएचई विभाग के साथ मिलकर लगातार प्रयास कर रहा है। 15वें वित्त आयोग की राशि से भी पंचायतों में पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में पेयजल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी है। बैठक में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि रीवा जिले में 21622 हैण्डपंप स्थापित हैं। इनमें से वर्तमान में 2430 बंद हैं। जल स्तर घटने के कारण 1172 हैण्डपंप बंद हैं। इनमें राइजर पाइप और सिंगल फेज मोटर लगाकर पेयजल की आपूर्ति के प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में 343 एकल नलजल योजनाएं हैं। इनमें से 293 से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष बंद नलजल योजनाओं को ग्राम पंचायतों के सहयोग से विभागीय संविदाकार चालू करने का प्रयास कर रहे हैं।

जिले में 195 नलजल योजनाएं ग्राम पंचायतों द्वारा सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। पेयजल व्यवस्था के निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्टेड किया गया है। बैठक में जल जीवन मिशन के जल प्रबंधक चित्रांशु ने बताया कि कंदैला समूह नलजल योजना से सौ से अधिक गांवों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। नलजल योजनाओं का 10 वर्षों तक रखरखाव इसे बनाने वाले ठेकेदार करेंगे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सीईओ जवा राहुल पाण्डेय, प्रभारी सीईओ गंगेव, प्रभारी सीईओ रीवा, कार्यपालन यंत्री मैकेनिकल डीएल कनेल तथा सभी सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में किया जा रहा तालाबों का जीर्णोद्धार

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने तालाब सफाई एवं मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण



**रीवा,कासं.।** रीवा और मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि मऊगंज जिले की ग्राम पंचायत खैरा में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया गया है। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा इसकी लगातार निगरानी की जा रही है। इसी तरह ग्राम पंचायत शिवपुरवा में तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसमें आमजनता भी भागीदारी निभा रही है।

इन जल संरक्षण कार्यों से वर्षा जल को धरती की कोख में संचित करने में सहायता मिलेगी। जो पानी नदियों के माध्यम से समुद्र में पहुंच जाता है उसे सहेजकर धरा में संचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जनपद रायपुर कर्चुलियान अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामनई में तालाब की सफाई एवं मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणजनों से जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यों में भागीदार बनने की अपेक्षा की।

# दीवार लेखन के माध्यम से दिया जा रहा जल संरक्षण का संदेश




**रीवा,कासं.।** जल गंगा संवर्धन अभियान से प्रत्येक आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण के निर्माण कार्यों के साथ-साथ लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि जन अभियान परिषद से जुड़ी नवांकुर स्वैच्छिक संस्थाएं दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दे रही हैं। विकासखण्ड जवा की विभिन्न ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। अन्य विकासखण्डों में भी सामाजिक संस्थाएं अलग-अलग माध्यमों से जल संरक्षण के संदेश दे रही हैं। नवांकुर संस्था सितलहा द्वारा दीवार लेखन करके लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर आज रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**रीवा।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 14 अप्रैल 2025 को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**रीवा,कासं.।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण के कार्यों के साथ ही आम लोगों को इस अभियान से जुड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी संचालित किये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले के ग्राम अटरिया में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नवांकुर स्वैच्छिक संस्था सर्वोदय विन्ध्य विकास समिति द्वारा आयोजित जल संवाद कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक अमित अवस्थी ने ग्रामजनों को जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा उपस्थित जनों से जल संरक्षण के कार्यों में सहभागिता की अपेक्षा की।

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में पंच, सरपंच सम्मेलन 17 अप्रैल को

**रीवा,कासं.।** जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में पंच, सरपंच सम्मेलन 17 अप्रैल को आयोजित किया गया है। कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में शाम 4 बजे से आयोजित कार्यक्रम में रीवा जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं पंच व सरपंच कार्यक्रम में उपस्थिति की अपेक्षा की गयी है।

# अरहर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 अप्रैल तक

**रीवा,कासं.।** शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर जिले भर में अरहर का उपार्जन किया जाएगा। खरीफ वर्ष 2024-25 में ई उपार्जन पोर्टल पर अरहर (तुअर) फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 20 अप्रैल तक किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि उपार्जन के लिए किसान ई उपार्जन पोर्टल में अपना पंजीयन 20 अप्रैल से पहले करा लें। सभी सहकारी समिति प्रबंधक तुअर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन सुनिश्चित करें। पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर तुअर के उपार्जन का लाभ मिलेगा।



## संक्षिप्त समाचार

### मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, महंगाई और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों से तय होगा बाजार का रुख

**मुंबई ,एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार के लिए अगला हफ्ता काफी अहम होने वाला है। तिमाही नतीजे, खुदरा एवं थोक महंगाई के आंकड़े, अमेरिकी रेसिप्रोकल टैरिफ को लेकर नया अपडेट और वैश्विक स्तर पर जारी आने वाले डेटा का शेयर बाजार पर असर देखने को मिल सकता है। अगले हफ्ते इरडा, एचडीएफसी लाइफ, इन्फोसिस, टाटा इलेक्सी, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी कंपनियों की ओर से वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, थोक और खुदरा महंगाई के आंकड़े भी अगले हफ्ते जारी किए जा सकते हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका की ओर से इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और जॉबलेस क्लेम जैसे अहम डेटा जारी किए जाएंगे। वहीं, चीन द्वारा 2025 की पहली तिमाही का जीडीपी डेटा जारी किया जा सकता है। अगर यह डेटा मजबूत होता है, तो वैश्विक बाजारों पर इसका सकारात्मक असर हो सकता है। 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक के कारोबारी सत्र में शेयर बाजार में कारोबार मिलाजुला रहा। निफ्टी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,828 और सेंसेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 75,157 पर बंद हुआ। टैरिफ के कारण पैदा हुई चिंताओं के कारण बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। हफ्ते के दौरान निफ्टी ने 21,743 का न्यूनतम स्तर छुआ। हालांकि, बाद में इसमें मजबूत रिकवरी देखने को मिली। सेक्टोरल इंडेक्स में एफएमसीजी का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। वहीं, रियल्टी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट हुई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से बिकवाली का सिलसिला जारी रहा और कैश सेगमेंट में 20,911 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की ओर से 21,955 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च का कहना है कि यह हफ्ता वैश्विक बाजारों के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई, इंडस्ट्रियल एटिविटीज और रोजगार के आंकड़ों के साथ, निवेशक बढ़ती अस्थिरता और केंद्रीय बैंक के संकेतों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। मास्टर ट्रस्ट ग्रुप के डायरेक्टर पुनीत सिंघानिया ने कहा कि हफ्ते की शुरुआत में 5 प्रतिशत के गैप-डाउन से खुलने के बाद भी निफ्टी 0.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ है। निफ्टी के लिए 22,500 और 22,200 एक सबसे अहम सपोर्ट है। वहीं, 23,050 एक रुकावट का स्तर है।

### अजमेरा रियलिटी की चौथी तिमाही की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट दर्ज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अजमेरा रियलिटी एंड इंफ्रा इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में कंपनी का बिक्री मूल्य 13 प्रतिशत घटकर 250 करोड़ रुपये रह गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में यह 287 करोड़ रुपये था। कंपनी की स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, इस तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी का कलेक्शन भी घटकर 182 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले साल की समान अवधि के 197 करोड़ रुपये से 8 प्रतिशत कम है। हालांकि, कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष में स्थिर प्रदर्शन किया। अजमेरा रियलिटी ने वित्त वर्ष 2025 में 1,080 करोड़ रुपये की कुल बिक्री हासिल की, जो वित्त वर्ष 2024 के 1,017 करोड़ रुपये से 6 प्रतिशत अधिक है। इस साल कलेक्शन भी 13 प्रतिशत बढ़कर 646 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष में 570 करोड़ रुपये था। इस बीच, वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही के 35.35 करोड़ रुपये से घटकर 33.89 करोड़ रुपये रह गया, जैसा कि इसकी पिछली फाइलिंग में बताया गया था। परिचालन से राजस्व भी पिछली तिमाही के 199.96 करोड़ रुपये से 3.54 प्रतिशत घटकर 192.88 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी की फरवरी एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में राजस्व में 206.67 करोड़ रुपये से 6.67 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# अभिषेक शर्मा के तूफान में उड़ा पंजाब, लगातार 4 हार के बाद हैदराबाद ने दर्ज की रिकार्ड जीत

**हैदराबाद,एजेंसी।** आईपीएल 2025 का 27 वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. जिस को हैदराबाद ने 8 विकेट से अपने नाम कर लिया है. लगातार चार हार के बाद ये एसआरएच की दूसरी जीत है. 246 रनों के विशाल लक्ष्य को अभिषेक शर्मा के 141 रन और हेड के 66 रनों ने टारगेट को आसान बना दिया और 18.3 ओवर में ही 2 विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया, जो लीग के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा सफल रन चेज बन गया।

इस रिकॉर्ड-तोड़ जीत के सूत्रधार विस्फोटक अभिषेक शर्मा थे, जिन्होंने 55 गेंदों पर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 141 रनों की पारी खेली. अभिषेक ने इस मैच से पहले टूर्नामेंट में एक भी छक्का नहीं लगाया था, लेकिन इस मैच में 14 चौके और 10 छक्के जड़ दिए. अभिषेक का शतक न केवल आईपीएल में उनका पहला शतक था, बल्कि उन्होंने सिर्फ 40 गेंदों में शतक बनाया, जो टूर्नामेंट के इतिहास में पांचवां सबसे तेज शतक है।





अपने शतक का जश्न मनाते हुए अभिषेक ने अपना बल्ला उठाया और जेब से एक मुड़ा हुआ सफेद कागज निकाला - जिस पर लिखा था यह ऑरेंज आर्मी के लिए है

वहीं हेड ने दूसरे छोर से गैप ढूंढते हुए, स्ट्राइक रोटेट करते हुए और कभी-कभी गलत गेंदों को दंडित करते हुए अपनी भूमिका निभाई. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 171 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई. हेड ने 37 गेंदों में 66 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

इससे पहले टॉस हारने के बाद पंजाब ने बेहतरीन बल्लेबाजी की, और श्रेयस अय्यर की 82 रनों की शानदार पारी और मार्कस स्टोइनिस की 11 गेंद में 34 रनों की शानदार पारी की बदौलत 245/6 का स्कोर खड़ा किया. श्रेयस अय्यर ने 36 गेंदों पर 82 रन बनाए. हर्शल पटेल स्त्रा के एकमात्र गेंदबाज थे, जिन्होंने सम्मानजनक आंकड़े हासिल किए, उन्होंने 42 रन देकर 4 विकेट लिए.

क्रिकेट मे कहा जाता है कि कैच आपको मैच जिताते हैं, लेकिन पंजाब ने मैच में कई कैच छोड़े, जो उनकी हार की अहम वजह बनी. अभिषेक का 4 रन पर कठिन मौका हाथ से छोड़ दिया गया, फिर वो 28 रन पर पर कैच आउट हो गए थे लेकिन वो नो बॉल हो गई, उस के बाद 56 रन पर चहल ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया।

### अभिषेक शर्मा ने रचा इतिहास, आईपीएल में जड़ा तीसरा सबसे बड़ा स्कोर, बने पहले भारतीय खिलाड़ी

अभिषेक शर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया तीसरा सबसे तेज शतक जड़ दिया. उन्होंने शनिवार, 12 अप्रैल को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के बीच हुए मुकाबले में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. आईपीएल में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड यूसुफ पठान के नाम है, जिन्होंने 2010 में मुंबई में सिर्फ 37 गेंदों में शतक बनाया था. पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्य ने मंगलवार को मुल्लांपुर में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 39 गेंद में शतक लगाकर दूसरे स्थान पर अपना नाम दर्ज कराया, अब अभिषेक शर्मा तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं. आईपीएल में किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2013 में पुणे वॉरियर्स के खिलाफ सिर्फ 30 गेंदों में शतक जड़ा था. अभिषेक का शतक आईपीएल इतिहास का पांचवां सबसे तेज शतक भी है. अभिषेक का शतक आईपीएल इतिहास में एसआरएच के किसी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज शतक भी था. ट्रैविस हेड ने पिछले साल बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 39 गेंदों में शतक जड़कर यह रिकॉर्ड बनाया था. इसके अलावा अभिषेक और ट्रैविस हेड के बीच पहले विकेट के लिए 171 रनों की साझेदारी की. यह आईपीएल में एसआरएच के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी भी है.

# भारत ने रचा इतिहास, ज्योति-ऋषभ की जोड़ी ने तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज 1 में जीता गोल्ड मेडल

**ऑबर्नडेल (यूएसए),एजेंसी।** कंपाउंड तीरंदाजी को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में शामिल किए जाने के कुछ दिनों बाद, ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव की भारतीय टीम ने शनिवार को अमेरिका के फ्लोरिडा में 2025 तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 1 में कंपाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता. यह 2025 तीरंदाजी विश्व कप का पहला कंपाउंड मिक्स्ड टीम पदक मैच था।

भारतीय टीम ने शनिवार सुबह कड़े मुकाबले में गोल्ड मेडल के लिए हुए मैच में चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ और चेन चिएन-लुन की जोड़ी को 153-151 से हराया. पूर्व विश्व कप विजेता ज्योति सुरेखा और ऋषभ की भारतीय जोड़ी ने पहला एंड हारने के बाद वापसी की, जिसमें प्रत्येक तीरंदाज ने 2 तीर (मिश्रित युगल के मामले में कुल 4) चलाए, 37-38 के स्कोर के साथ वे 9 और दो 10 के दो स्कोर बनाने में सफल रहे. उनके प्रतिद्वंद्वियों ने दो 9 और आंतरिक 10 सर्कल (एक्स) में तीर चलाए। भारतीयों ने दूसरा एंड 38-39 से गंवा दिया और कुल मिलाकर 75-77 से पीछे चल रहे थे, तीन 10 स्कोर करने के बावजूद 8 के स्कोर ने उन्हें पीछे कर दिया. चीनी ताइपे की जोड़ी ने एंड जीतने के लिए एक्स, 10, 10, एक्स शॉट लगाए।

तीसरे एंड में, ज्योति और ऋषभ की भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 39-38 से हराकर अंतर को 113-115 पर ला दिया. चौथे और अंतिम एंड में भारतीय टीम ने लगातार बेहतर प्रदर्शन किया और 9,10,10, ङ्ग स्कोर बनाए, जबकि चीनी ताइपे की जोड़ी लड़खड़ा गई और 9, 9, 8, ङ्ग स्कोर ही बना पाई. भारतीयों ने एंड 39-36 से जीतकर स्वर्ण पदक मैच 153-151 से जीता और कंपाउंड आर्चरी में अपना दबदबा कायम किया. ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने सेमीफाइनल में भी असाधारण प्रदर्शन किया. भारतीय जोड़ी ने स्पेन और डेनमार्क के खिलाफ 156 का स्कोर बनाया, जिसमें इंडोर वर्ल्ड सीरीज चैंपियन तानजा गेलेंथियन और दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी मैथियास फुलर्टन शामिल थे - और फिर स्लोवेनिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 159 का अविश्वसनीय स्कोर बनाया, जो परफेक्ट स्कोर से सिर्फ एक कम था।

# मोहन बागान ने जीता आईएसएल का खिताब, फाइनल में बेंगलुरु एफसी को 2-1 से हराया

**कोलकाता ,एजेंसी।** मोहन बागान सुपर जायंट ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया. शनिवार को साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल में बेंगलुरु एफसी पर 2-1 से जीत दर्ज की. जेमी मैकलारेन के एक्स्ट्रा टाइम के विजयी गोल ने खेल में अंतर पैदा किया और मोहन बागान को आईएसएल चैंपियन बना दिया।

एक्स्ट्रा टाइम तक चले इस मुकाबले में मेजबान टीम की जीत में ऑस्ट्रेलियाई अटैकिंग मिडफील्डर जैसन कमिंग्स ने (पेनल्टी किक पर) 72वें मिनट और ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जिमी मैक्लारेन ने 96वें मिनट में गोल दागे. मैच का निर्णायक गोल करने के लिए ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर जिमी मैक्लारेन को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. गोल्डन बूट का अवार्ड नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के मोरोक्कन स्ट्राइकर अलाएद्दीन अजाराय (23 गोल, 7 असिस्ट) ने जीता. जबकि गोल्डन ग्लव्स अवार्ड मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ (15 क्लीन शीट, 74 बचाव) को दिया गया। इस खिताबी जीत के साथ ही मोहन बागान सुपर जायंट, मुंबई सिटी एफसी (2020-21 सीजन) के बाद लीग इतिहास में एक ही सीजन में लीग शील्ड और इंडियन सुपर लीग कप जीतने वाली दूसरी फुटबॉल टीम बन गई है। इससे स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना निश्चित रूप से खुश होंगे, क्योंकि उन्होंने दूसरी बार अपना लक्ष्य हासिल किया है। मोलिना ने 2016 में मोहन बागान के पूर्व एटीके को चैंपियन बनाया था। मोहन बागान अपने होम ग्राउंड में आईएसएल फाइनल जीतने वाली पहली टीम बन गई है, वो पूरे आईएसएल सीजन के लिए घरेलू मैदान पर अपराजित रहने वाली चौथी टीम भी हैं. इसे पहले 2023-24 में ओडिशा एफसी, 2018-19 में बेंगलुरू एफसी और 2016 में दिल्ली डायनामोज एफसी अपने-अपने होम ग्राउंड पर अपराजित रहीं थी। इस मुकाबले में बेंगलुरू की टीम ने स्टेडियम के धमाकेदार माहौल से मेल खाने की पूरी कोशिश की, लेकिन मोहन बागान ने शानदार खेल दिखाया और जीत के साथ लीग डबल को सील कर दिया।

# हनुमान जंयती पर भारतीय हिन्दू परिषद ने मदर टेरसा आश्रम में किया फल वितरण

## दिव्यांग एवं मंदबुद्धि बालकों के बीच पहुंचे संगठन के लोग बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी की झलक



**ललितपुर।** भारतीय हिन्दु परिषद की प्रदेश इकाई एवं जिला इकाई की संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष वंदना तिवारी की अध्यक्षता, राष्ट्रीय महामंत्री मनविंदर कौर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव की उपस्थिति में भगवान राम के अनन्य भक्त अंजनी के लाल पवन सुत हनुमान जी की जंयती के पावन अवसर पर पनारी स्थित मदर टैरेसा आश्रम में दिव्यांग एवं मंदबुद्धि बच्चों के लिए फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर भारतीय हिंदु परिषद की मातृ शक्ति महिला मोर्चा की बहिनों ने दिव्यांग मंदबुद्धि बच्चों एवं बच्चियों को फल, नमकीन, बिस्कुट, चिप्स आदि का वितरण किया एवं कुछ बच्चों को अपने हाथों से खिलाया। इस अवसर पर अपने पराए के भेद से दूर संगठन की बहनों और भाईयों का लाड दुलार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी नजर आई। इस अवसर पर संगठन की राष्ट्रीय महामंत्री मनविंदर कौर ने कहा सच्चे मन से की गई नर सेवा भी नारायण सेवा के समान होती है। हमें मदर टेरेसा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए जिन्होंने अपना जीवन दूसरों की सेवा के लिए समर्पित कर दिया मदर टेरेसा सेवा भाव की दुनिया में किसी संत से कम नहीं है। उन्होंने नर सेवा को ही नारायण सेवा समझकर ही उम्र भर बीमार और दीन दुखियों की मदद करती रहीं। जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा वपंदना तिवारी ने कहा की मदर टेरेसा ने अपना जीवन दुनिया के गरीब और बीमार लोगों की मदद करने के लिए समर्पित कर दिया वह कोलकाता में एक आश्रम में बनाकर गरीब असहाय और बीमार लोगों की सेवा और देखभाल करती थीं। उन्होंने मिशनरीज ऑफ चैरिटी की स्थापना की, जो दुनिया भर में गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए काम करता है। जनपद ललितपुर में भी दो आश्रम है जो एक पनारी एवं जरया में स्थित है जिनमें दीन दुखियों बीमार लोगों की सेवा की जाती है। सुहानी गोस्वामी ने कहा कि वह दुनिया को यह संदेश देकर गई है की मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है उन्होंने कहा किस क साथ जाति या धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया है उन्होंने दुनिया को प्रेम और भाईचारे के साथ रहने की सीख दी है। इस दौरान सभी सदस्यों ने मिशनरीज आप चैरिटी द्वारा संचालित मदर टेरैसा आश्रम में रहने वाले बच्चों बुजुर्गो को मिलने वाली सुविधाओं और भोजन आदि के बारे में जानकारी ली।

## भाजपा द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो अभियान

# सिविल लाइन द्वितीय में लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं ने किया संपर्क




**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के मार्गदर्शनानुसार गांव चलो वार्ड चलो अभियान के तहत वार्ड नंबर द्वितीय सिविल लाइन में बूथ बैठक की गई। साथ में लाभार्थियों से संपर्क किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राहुल साहू खिरिया एवं गोल्डी राजपूत और शक्ति केंद्र प्रमुख आमिर खान ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता के साथ घर घर बीजेपी का ध्वज लगाया, और बीजेपी के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर राहुल साहू खिरिया ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना हर गरीब को आवास दिलाने में सफल रही है। साथ ही आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा के बारे में बताया।

कार्यकर्ताओं ने सुकन्या समृद्धि योजना, कौशल विकास योजना और मुद्रा लोन योजना की भी विस्तृत जानकारी दी। गोल्डी राजपूत ने कहा सरकार बड़े पैमाने पर जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लेकिन ग्रामीण स्तर पर अभी भी कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं है। साथ में केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी लाभार्थियों से संपर्क के दौरान उन्हें अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई, मुस्लिम बहुलय क्षेत्र में मुस्लिम समाज के लोगों को केंद्र सरकार द्वारा संसद में पास बिल वक्फ बोर्ड के बारे में जानकारी दी जिससे की समस्त मुस्लिम समाज के लोग जागरूक हो सके। कार्यकर्ताओं ने बताया है कि सरकार गरीबों के लिए कार्य कर रही है, भाजपा पार्टी का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों तक यह जानकारी पहुंचे और वे इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम प्रभारी जिला मीडिया प्रभारी युवा मोर्चा राहुल साहू खिरिया, आमिर खान, आसिद खान,सुभान अली, हैदर अली, नसीम मंसूरी, नसीमुद्दीन कुरैशी, वसीम राजा, मोहम्मद हामिद, नसीम, इरफान, सहित बूथ लेवल के सभी पदाधिकारी शामिल रहे।

# हजारों श्रद्धालुओं के साथ निकाली गयी भव्य श्रीहनुमान जयन्ती शोभायात्रा



**ललितपुर।** जिले में श्रीहनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा तुवन मंदिर से शुरू हुई। रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा से पहले महंत रामलाखन दास ने तुवन सरकार की पूजा-अर्चना की।

राज्यमंत्री मनोहर लाल और विधायक रामरतन कुशवाहा ने भी पूजन में भाग लिया।

शोभायात्रा में सबसे आगे विभिन्न मंदिरों के पुजारी धर्म पताका लेकर चल रहे थे। उनके पीछे हनुमान जी की झांकी थी, जिसके साथ अखाड़े के युवा करतब दिखा रहे थे।

यात्रा का मार्ग तुवन मंदिर से तहसील चौराहा, सदर कांटा, पानी की टंकी, सुभाषपुरा, महावीरपुरा, रावरपुरा, चौबेयाना, आजाद चौक, स्वारकर चौक और घंटाघर होते हुए वापस तुवन मंदिर तक रहा। शाम 5 बजे शुरू हुई यात्रा रात 11 बजे तक चली। विभिन्न समाजों जैसे पाल समाज, युवा ब्राह्मण समाज, गहोई समाज, रायकवार समाज, राठौर समाज, साहू समाज और चित्रगुप्त कायस्थ समाज ने जगह-जगह स्वागत किया और प्रसाद का वितरण किया। नगर पालिका परिषद, प्रेस क्लब और जय अम्बे रक्तदान समिति भी इस आयोजन में शामिल रहीं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, सीओ सिटी अजय कुमार और एसडीएम चंद्रभूषण प्रताप सिंह पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। यात्रा में करीब 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# समाजवादी शिक्षक सभा के तत्वाधान में हुई पीडीए चौपाल




**ललितपुर।** ग्राम मादौन माता खेड़ा के सहरिया बस्ती में समाजवादी पार्टी की शिक्षक सभा द्वारा पीडीए चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होना जरूरी है युवा नशा छोड़ें। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला महासचिव लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी सरकार में समाजवादी सरकार में गरीबों को खाद्य सामग्री निशुल्क शिक्षा निशुल्क सिंचाई स्वास्थ्य एंबुलेंस 102, 108 पुलिस 100 नंबर की सुविधा दी। वर्तमान सरकार ने बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया।

समाजवादी पेंशन को वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया इन सभी सुविधाओं को पुनः प्राप्त करने के लिए समाजवादी पार्टी का समर्थन करना होगा तभी जाकर के इस देश समाज का उत्थान होगा। समाजवादी शिक्षक सभा के जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि स्नातक विजय सिंह यादव ने चौपाल को संबोधित करते हुए कहा कि विकास पुरुष माननीय पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने ललितपुर जनपद को दो तहसीलों की सौगात दी थी पाली, मड़ावरा। धौर्रा क्षेत्र में इमारती पत्थर की खदानों के द्वारा हजारों लोगों को रोजगार मिलता था जो वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया धौर्रा रेलवे स्टेशन पर सभी ट्रेनों का ठहराव पुनः किया जाए। वर्तमान सरकार क्षेत्रीय जन भावनाओं की कद्र नहीं कर रही है, महंगाई चरम पर है महिलाएं परेशान हैं। मेडिकल कॉलेज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। बाबा साहब द्वारा रचित संविधान की रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी को मजबूत करें आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की दोनों विधानसभा सीटें जीतने का कार्य करें। इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा उपाध्यक्ष पवेश इकबाल, उपाध्यक्ष राजेश यादव, उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, सचिव राजेश यादव, सचिव शाकिर अली, बाबा साहब बहिनी के राष्ट्रीय सचिव अशोक अहिरवार, शत्रुघन यादव, बलराम अहिरवार, जिला उपाध्य इकरार साहब, बल्लू, आशीष कटारे, रामलखन यादव, रामपाल सिंह, कल्याण सिंह, बलभद्र सिंह, ब्रह्मानंद शर्मा, प्रेम सिंह यादव, लखन यादव, दीपक यादव बमोरी, चंदू सहरिया, चंद्रशेखर सहरिया, लटकन अहिरवार, किशन सिंह बंजारा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. महेश कुमार झा ने किया।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**ललितपुर।** भगवान महावीर स्वामी जी के जन्मकल्याणक के अवसर पर त्रिदिवसीय कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्रीदिगंबर जैन अटा मंदिर में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा आचार्य विद्या सागर पाठशाला की दीदियों एवं बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्व प्रथम दिगंबर जैन समाज पंचायत समिति के पदाधिकारियों एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के पदाधिकारियों द्वारा भगवान महावीर स्वामी का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पाठशाला की नन्ही मुन्नी बच्चियों द्वारा सुंदर मंगलाचरण किया गया। फोरम ने भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के जीवन पर आधारित वृहद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के आकर्षक उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति से डा.अक्षय जैन, संयोजक सनत जैन, राजकुमार कैप्टन, महावीर जयंती संयोजक प्रतीक जैन, राकेश रिंकू, मनोज जैन, अजय जैन, आनंद जैन, पवन जैन, अशोक जैन, सजल जैन, अमित पुल्ली, अशोक, विजय जैन, राजकुमार जैन, गौरव जैन, महिपाल जैन, दिलीप जैन, सुरेन्द्र सिंघई, प्रतीक जैन, मयंक जैन, सर्वग्य जैन, अनीता मोदी, नीलू दीदी आदि उपस्थित रही। संचालन श्रेयांश जैन एवं आनंद जैन ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पार्षद पति को 5 साल की क़ैद, पटवारी का तोड़ा था पैर

**रायपुर, कासं.।** रायपुर में पटवारी और आरआई से मारपीट करने के मामले में कोर्ट ने सुंदर नगर की पार्षद और स्व्हृष्ट मेंबर सरीता दुबे के पति आकाश दुबे को पांच साल की सजा सुनाई है। आकाश दुबे खुद भी भाजपा से पार्षद रह चुके हैं। मामला 2018 का है, असल में सुंदर नगर में एक जमीन के सीमांकन के दौरान हुए विवाद के बाद ब्राम्हणपारा के पार्षद आकाश दुबे ने आरआई राजेंद्र चंद्राकर की बेसबॉल के बैट से पिटाई कर दी थी। बचाव करते हुए आरआई ने भागने की कोशिश की। लेकिन आकाश दुबे ने उन्हें दौड़कर फिर पकड़ा लिया और जमकर पीटा। मारपीट में आरआई का हाथ फ्रैक्चर हो गया था। अफसरों की टीम पार्षद के करीबी की जमीन का सीमांकन करने गई थी। वे सीमांकन से संतुष्ट नहीं थे। नाराज होकर उन्होंने पार्षद को बुलवा लिया। उसी के बाद विवाद हुआ। पार्षद आकाश दूबे के खिलाफकेस दर्ज कर लिया गया था।

### वीजा बनवाने के नाम पर 19 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर, कासं.।** लंदन में काम दिलवाने का झांसा देकर 5 लोगों से 19 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी समीर भीलावर 23 वर्ष होटल तारा संस गोत्री वडोदरा गुजरात का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी सैफ मैनेजर विवेक सिंह ठाकुर ने 5 लोगों को काम करने के लिए लंदन जाने के लिए वीजा बनवाने के नाम पर कुल 19 लाख 29 हजार 202 रुपए ले लिया और वीजा पासपोर्ट ना बनवा कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### किराना दुकान के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, कासं.।** गोगांव स्थित महेश किराना दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रितम चंद्राकर 48 वर्ष एलआईजी कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएस 3231 को गोगांव स्थित महेश किराना दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# दिवंगत शिक्षक के परिजनों को मिलेगी 50 लाख रुपये की सहयोग राशि




**ललितपुर।** टीचर सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश पर जिला टीम के संयोजक आदर्श रावत के नेतृत्व में पिछले वर्ष माह अगस्त 2024 में दिवंगत हुए अनुदेशक साथी स्व.सुनील कुमार सिंह उ.प्रा.वि. ब्लॉक-बार के परिजनों को मदद के लिए स्थलीय निरीक्षण हेतु जिला टीम उनके निवास पर पहुंची। अनुदेशक सुनील कुमार सिंह का देहांत 14 अगस्त 2024 को हृदय गति रुकने के कारण हो गया था।

जिला टीम सम्बन्धित के निवास पर उनके परिवार से मिली। टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक व मदरसा के शिक्षकों की संस्था जो दिवंगत शिक्षकों के परिवार को आर्थिक मदद प्रदान करती है एवं अब तक यह संस्था 296 दिवंगत शिक्षकों के परिवार को लगभग 120 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान कर चुकी है। जिला टीम स्व.सुनील कुमार सिंह की पत्नी रेखा देवी व दो पुत्री एवं एक पुत्र एवं समस्त परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। स्व.शिक्षक के नॉमिनी पत्नी रेखा देवी से सहयोग के लिए बैंक पासबुक, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य जरूरी प्रपत्र प्राप्त किए। गौरतलब है कि यह एक ऐसी संस्था है जो अध्यापकों के द्वारा चलाया जा रहा एक ऐसा समूह है जिसमें जुडने़ वाले किसी भी दिवंगत शिक्षक के परिवार को इस जुड़े प्रदेश भर के लगभग 3.5 लाख सदस्यों द्वारा प्रत्येक नॉमिनी को 16 रुपये (प्रति परिवार) की राशि पूल सिस्टम के माध्यम से कुल 20 परिवारों को कुल 320 रुपये से सहयोग करता है। रेखा देवी के खाते में इन सदस्यों द्वारा 15 तारीख से सहयोग किया जाएगा जिससे लगभग 50 से 52 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्राप्त होगी। इस स्थलीय निरीक्षण में जिला संयोजक आदर्श रावत, जिला प्रवक्ता नवनीत प्रकाश, जिला सेल प्रभारी धीरज साहू, जिला सहसंयोजक हृदेश गोस्वामी, अरविंद चौहान, हरीराम साहू, रविन्द्र कुमार गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, महेंद्र निरंजन, तपेश चौरसिया, प्रेमनारायण पटेल, शैलेश जैन उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान ने लस्सी प्रसाद किया वितरित

## शोभायात्रा में जय जय सियाराम जय हनुमान के लगे जयकारे



**ललितपुर।** स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान के तत्वाधान में श्रीमुरलीधर मंदिर रावरपुरा में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद सोनी की अध्यक्षता में लस्सी का स्टाल लगाकर विशाल शोभायात्रा का स्वागत किया गया। संस्था के जिला अध्यक्ष कृष्णकांत सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाती है जो तुवन मंदिर से प्रारंभ होते हुए नजाई बाजार, सदरकांटा,पानी की टंकी, सरदारपुरा,महावीरपुरा,रावरपुरा, चौबेयाना होते हुए वापस तुवन मंदिर पर समाप्त होती है। इस विशाल शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन शामिल होते हैं। इस विशाल शोभायात्रा में बैंड डीजे,ढोल नगाड़े,अखाड़े,हाथ में भगवा ध्वजा लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होते हैं। नगर अध्यक्ष पंकज सोनी ने बताया कि स्वर्णकार भारती सेवा संस्थान इस वर्ष की भाँति प्रत्येक वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर प्रसाद वितरण का कार्यक्रम करेगी। स्वर्णकार भारतीय सेवा संस्थान की पूरी टीम द्वारा श्री मुरलीधर मंदिर राबरपुरा में लस्सी का स्टाल लगाकर विशाल शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस पावन अवसर पर मथुरा प्रसाद सोनी, महेश सोनी, चंद्रशेखर सोनी, देवेंद्र कौशल, जगदीश तामिया, सुशील सोनी, अजय ड्योडिया, गोपाल सोनी, अनिल सोनी, मुरारी सोनी, वीरेंद सोनी, संजीव सोनी, कृष्णकांत सोनी, पंकज सोनी, राजेश सोनी, कमल सोनी, दीपक सोनी, रामबाबू सोनी, शैलेश सोनी, जगदीश सोनी, शिवशंकर सोनी, दीपक सोनी, धर्मेंद्र सोनी, सिद्धेश सोनी, अंकित सोनी, अमन सोनी, गौरव सोनी, ऋषि सोनी, भास्कर सोनी, दिवाकर सोनी, यश सोनी, हर्षराज सोनी, दर्षराज सोनी आदि सभी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ को मिले 5 आईपीएस अफसर, संघ लोक सेवा आयोग ने 2023 में चयनित आईपीएस अफसरों को आवंटित किया कैडर

**रायपुर, कासं.।** संघ लोक सेवा आयोग ने 2023 में चयनित आईपीएस अफसरों को कैडर आवंटित कर दिया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य को इस बैच से 5 नए अधिकारी मिले हैं। इनमें से दो पूर्वा अग्रवाल और अनुषा पिल्लै को गृह राज्य छत्तीसगढ़ मिला है। तीन अधिकारी अन्य राज्यों से हैं, जिन्हें छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित किया गया है। पूर्वा अग्रवाल, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 189 हासिल की और अनुषा पिल्लै, जिन्होंने 202वीं रैंक प्राप्त की, उन्हें भी छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित हुआ है। अनुषा पिल्लै, एसीएस रेणु पिल्लै और रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी संजय पिल्लै की बेटी हैं।अन्य तीनयश कांवत (रैंक 778), दिल्ली आदित्य कुमार (रैंक 861), उत्तर प्रदेश बनसोड़े प्रतीक दादासाहेब (रैंक 862), महाराष्ट्र के मूल निवासी हैं।

# फर्जी माइनिंग अधिकारी बनकर अवैध वसूली, आर्मी जवान और कथित महिला पत्रकार सहित 3 गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।** छत्तीसगढ़ के अभनपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां फर्जी माइनिंग अधिकारी बनकर रेत से भरे हाइवा वाहनों से अवैध वसूली का रैकेट चलाया जा रहा था। इस गिरोह में एक आर्मी जवान, एक कथित महिला पत्रकार सहित पांच लोग शामिल थे। अभनपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह अपने आपको सेंट्रल माइनिंग विभाग का अधिकारी बताकर रेत से भरे हाइवा वाहनों को रोकता था। प्रत्येक हाइवा से 15,000 रुपये की अवैध वसूली की जा रही थी। शिकायत मिलने पर अभनपुर पुलिस ने जाल बिछाया और तीन आरोपियों को धर दबोचा। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह ने लंबे समय से इस इलाके में अवैध वसूली का धंधा चला रखा था। गिरफ्तार आरोपियों में एक आर्मी जवान और एक महिला, जो खुद को पत्रकार बता रही थी, शामिल हैं। इनके साथी दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने बताया कि गिरोह संगठित तरीके से काम करता था और डराने-धमकाने के लिए सरकारी अधिकारी होने का झांसा देता था।

# सौजनावासियों ने बोरी बंधान बनाकर दिया जल संरक्षण का संदेश

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद की अगुआई में किया श्रमदान

**ग्वालियर।** जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था व नेहरू युवा केन्द्र से जुड़े युवा मण्डल भी लोगों को जल संरक्षण व संवर्धन के प्रति जागरूक करने में महती भूमिका निभा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले के विकासखंड घाटीगाँव के ग्राम सौजना में नवांकुर संस्था व सफल युवा मण्डल द्वारा श्रमदान कर बोरीबंधान बनाया और लोगों को संदेश दिया कि ÷जब जल बचेगा-तभी कल सजेगा÷। ग्रामवासी आगे आकर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस पुनीत अभियान में सहभागी बनें। इस अवसर पर सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्री विनोद शर्मा, सफल युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री अरविंद सिंह कुशवाह ने श्रमदान की अगुआई की। श्रमदान कार्यक्रम में सुश्री रीना गुर्जर व सुश्री खुशबू तथा सर्वश्री प्रवीण कुशवाह, महेंद्र कुशवाह, लक्ष्मण सिंह, गोलू, जसवंत कुशवाह, जितेंद्र कुशवाह, चमन कुशवाह, रामलखन, मनीष, आशिक, रेशमा खान, कल्लू खान आदि ने उपस्थित होकर बोरी बंधान बनाने में सहयोग किया।

# 'जल गंगा संवर्धन अभियान'

## जल सहेजने के लिये रैली निकालकर भितरवार वासियों को किया जागरूक, जन अभियान परिषद के तत्वावधान में भितरवार कस्बे में निकली रैली



**ग्वालियर।** पानी की बचत, वर्षा जल सहेजने, पुरानी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार एवं कम पानी में अधिक पैदावार देने वाली फसलों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भितरवार में रविवार को जन जागरूकता रैली निकाली गई। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकली इस रैली में जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जन अभियान परिषद के भितरवार विकासखंड के समन्वयक श्री मनोज दुबे ने बताया कि यह रैली शासकीय महाविद्यालय भितरवार से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्ग से होकर गुजरी। रैली में ÷जल है तो जीवन है, धान नहीं मूँग उगाना है व पानी के अपव्यय को बचाना है, कम पानी में अधिक उपज÷ जैसे नारे लगाते हुए रैली आगे बढ़ी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत निकली इस रैली में बर्षा शर्मा, सरिता शर्मा, कुलदीप नामदेव, कोमल सिंह रावत, आनन्दकवि, हरि बाथम, मनीष शर्मा, प्रदीप कुशवाह, रविन्द्र बाथम, सौरव कर्ण, रामू बघेल, लक्ष्मण बाथम, आकाश रावत, शिवानी गौतम, गरिमा भार्गव, रश्मि बाथम, निकिता जाटव, ममता रावत, बीना परिहार, सरिता बघेल, पूनम बघेल, रेनू रावत, श्रीदेवी प्रजापति, सोवरन बघेल सहित अन्य सेवाभावी नागरिकों ने सहभागिता की।

# समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 544 किसानों से 65 हजार 225 क्विंटल गेहूँ की खरीदी

## समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिये जिले में बनाए गए हैं 41 उपार्जन केन्द्र, 13 हजार 574 किसानों ने कराया है पंजीयन

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में समर्थन मूल्य पर किसान भाइयों से गेहूँ का उपार्जन जारी है। जिले में अब तक 544 किसानों से 65 हजार 225 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। यह खरीदी 35 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से की गई है। जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीदी के लिये कुल 41 उपार्जन केन्द्र स्थापित किए गए हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये जिले के कुल 13 हजार 574 किसानों ने 40 उपार्जन केन्द्रों पर अपना पंजीयन कराया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने उपार्जन व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसानों से स्लॉट बुकिंग के आधार पर समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जाए। साथ ही किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। सभी खरीदी केन्द्रों पर शीतल पेयजल व छाया सहित अन्य बुनियादी सुविधायें भी पुख्ता रहें। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में सभी 41 उपार्जन केन्द्रों को पर्याप्त संख्या में बारदाना उपलब्ध कराया जा चुका है। अभी तक 40 खरीदी केन्द्रों पर 1734 स्लॉट बुक हुए हैं। किसान भाई अपने मोबाइल से स्वयं की सुविधा के अनुसार खरीदी केन्द्र तथा गेहूँ बेचने की तारीख का चयन कर स्लॉट बुक करा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 2600 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की जा रही है। जिसमें 175 रूपए प्रति क्विंटल बोनस शामिल है।

### सामाजिक व्यवस्था में सैनी समाज की भूमिका उल्लेखनीय : मंत्री श्री कुशवाह

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह गुरूग्राम (हरियाणा) में ऑल इंडिया सैनी समाज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय जाग्रति महा सम्मेलन में शामिल हुए। महा सम्मेलन का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले के जयंती के उपलक्ष में किया गया।


## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झाँसी मंडल के वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी–कानपुर सेंट्रल खंड में भीमसेन–गोविन्दपुरी स्टेशनों के मध्य स्टील गर्डर स्पैन के प्रतिस्थापन कार्य हेतु पी एण्ड टी ब्लॉक के कारण निम्नलिखित रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, रेग्युलेशन एवं रिशेड्यूलिंग किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|
| 54161 | खजुराहो - कानपुर सेंट्रल पैसेंजर | 20.04.2025 |
| 54162 | कानपुर सेंट्रल - खजुराहो पैसेंजर | 21.04.2025 |
| 01801 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - गोविन्दपुरी पैसेंजर | 21.04.2025 |
| 01802 | गोविन्दपुरी - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी पैसेंजर | 21.04.2025 |

### रेलगाड़ियों का रेग्युलेशन

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | झाँसी मण्डल में रेग्युलेशन का समय | रेग्युलेशन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 12143 | लोकमान्य तिलक (ट.)-सुल्तानपुर | 100 मिनट | 21.04.2025 |
| 18203 | दुर्ग-कानपुर सेंट्रल | 90 मिनट | 21.04.2025 |
| 12173 | लोकमान्य तिलक (ट.)-माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ | 75 मिनट | 21.04.2025 |
| 64607 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी - कानपुर सेंट्रल | 30 मिनट | 21.04.2025 |

### रेलगाड़ियों की रिशेड्यूलिंग

| गाड़ी सं. | गाड़ी का नाम | रिशेड्यूल का समय | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 64608 | कानपुर सेंट्रल - वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | कानपुर सेंट्रल से 100 मिनट देर से चलेगी (09:05 बजे के स्थान पर 10:45 बजे चलेगी) | 21.04.2025 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 651/25(A)


# डबरा सिटी पुलिस ने तीन शातिर चोरों को पकड़कर लगभग तीन लाख रूपये कीमत की टमटम की बैट्रियां, कार व अन्य सामान किया जप्त

## शातिर चोरों से 30 बैटरी टमटम की, 05 मोटर टमटम की, एक कार, 05 कंट्रोलर टमटम के कीमती लगभग तीन लाख रुपये के जप्त किये गये।



**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देश पर ग्वालियर जिले में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर चोरों व नकबजनों की धरपकड़ हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त निर्देषों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक (देहात) श्री निरंजन शर्मा द्वारा अपने अधीनस्थ समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी कर माल मषरूका की बरामदगी कर चोरों को पकड़ने हेतु मुखबिर तंत्र विकसित करने के निर्देष दिये गये। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में एसडीओपी डबरा श्री जितेन्द्र नगाइच के कुषल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यषवंत गोयल के द्वारा थाना बल की टीम को थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं के आरोपियों की पतारसी कर माल मषरूका की बरामदगी हेतु लगाया गया। चोरी की घटना के अज्ञात आरोपियों की पतारसी के दौरान दिनांक 13.04.2025 को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना डबरा शहर के बिजपुर हाईवे आईपीएस स्कूल के पास तीन शातिर चोर किसी बारदात को करने की नियत से खड़े हुए हैं। उक्त सूचना पर पुलिस की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया तो वहां पर मुखबिर के बताये हुलिया के तीन संदिग्ध खड़े दिखे, पुलिस टीम को देखकर तीनों के द्वारा वहां से भागने की कोषिष की लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की तीनों को धरदबोचा। पूछताछ में तीनों के द्वारा डबरा का रहने वाला बताया। थाना डबरा सिटी पुलिस द्वारा की गई गहन पूछताछ में तीनों आरोपियों द्वारा थाना डबरा शहर एवं दीगर थाना क्षेत्रों में डबरा देहात, बिलौआ, ग्वालियर शहर में भी टमटम की बैटरियां चोरी करना बताया।

पुलिस द्वारा पकड़े गये तीनों शातिर चोरों की निषादेही पर उनके कब्जे से चोरी की 30 बैटरी टमटम की, 05 मोटर टमटम की, एक कार, 05 कंट्रोलर टमटम के कीमती लगभग 3,00,000/ रुपये की बरामद की गई और इनके पास मिली कार का उपयोग यहा लोग चोरी की बैटरी ले जाने के लिये करते थे। थाना डबरा सिटी पुलिस ने पकड़े गये तीनों शातिर चोरों को विधिवत गिरफ्तार कर अन्य चोरी की बारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**बरामद मषरूकाः-** चोरी की 30 बैटरी टमटम की, 05 मोटर टमटम की, एक कार, 05 कंट्रोलर टमटम के कीमती 3,00,000/ रुपये।

**सराहनीय भूमिकाः-** थाना प्रभारी डबरा शहर निरीक्षक यशवंत गोयल, प्र.आर रामवरन सिह लोधी, प्र. आर शैलेन्द्र सिंह दीक्षित, आर. अविनाश पटसारिया, आर. विनोद रावत, आर. मिन्टू परिहार, आर. शिवम पाल, आर. गौरव यादव, आर. अरविन्द्र यादव, आर. सत्यम सिंह, आर. धीरेन्द्र शर्मा, सैनिक रणवीर सिह की सराहनीय भूमिका रही।

# समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की मदद करना हो हमारा लक्ष्य : डॉ पाण्डेय



**डबरा।** वरिष्ठ समाजसेवी डॉ केशव पाण्डेय ने कहा कि संस्था को समाज के ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए जो दीनहीन व असहाय हैं। केवल सम्मान समारोह मनाने या सम्मान प्रदान करने से बात नहीं बनेगी। डबरा सनाढ्य ब्राह्मण सभा द्वारा शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ पाण्डेय ने कहा कि संस्था का मुख्य ध्येय ये होना चाहिए कि जनसम्पर्क के माध्यम से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति का पता लगाए और उसके लिए मदद के हाथ बढ़ाये। वे आज कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री 1008 महामंडलेश्वर धूमेश्वर महाराज ने डॉ पाण्डेय के आग्रह का अक्षरशः समर्थन किया।महाराज जी ने कहा कि ध्येयनिष्ठ समाजसेवा हो तो लोग भी उसे आदर्श मानते हैं। इससे पहले एक सादे कार्यक्रम में डॉ पाण्डेय का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन बृजेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र मुदगल, अरविंद जैमिनी, सचिन पांडे, डॉ. राम अवतार शर्मा आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**दतिया।** महाप्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केन्द्र दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत उद्योग, सेवा, व्यवसायिक वाहन एवं खुदरा व्यवसाय अर्थात रिटेल ट्रेड के लिए लक्ष्य प्राप्त हुए है। योजनांतर्गत उद्योग विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50 लाख रूपये तक तथा सेवा खुदार व्यवसाय के लिए 25 लाख रूपये की परियोजना लागत की सीमा निर्धारित की गई है। योजना में 18 से 45 वर्ष एवं न्यूनतम 8वी कक्षा उत्तीर्ण इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते है। योजनांतर्गत बैंक द्वारा वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान तथा प्रचलित दर से ऋण गांरटी शुल्क देय होगा। इच्छुक आवेदक samast.mponline.gov.in पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते है। योजना की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दतिया में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है।






# हनुमान चौराहे के पास सत्संग संपन्न



**मुरैना,कांस।** सिद्ध गुफा सवाई आश्रम आगरा के कृपा पात्र बच्चों द्वारा महाप्रभु जी रामलाल जी महाराज योगीराज गुरुदेव श्री चंद्र मोहन जी महाराज के भजनों के गायन के साथ गुरु गीता का पाठ पाठ एवं प्रभु जी के 108 नामौ का जाप करते हुए सत्संग किया गया आयोजन हनुमान चौराहे के पास वरिष्ट गुरु भाई के सुपुत्र मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा कराया गया जिसमें उपस्थित गुरु भाई बहन सहित परिवार जन उपस्थित हुए देवी लाल गुप्ता डॉ अनार सिंह जादौन डॉ दिनेश कुलश्रेष्ठ सुरेंद्र सिंह परमार हरीशंकर शर्मा राजू श्रीवास्तव शिक्षक राकेश कुलश्रेष्ठ जी इत्यादि भक्त जनों ने गुरू जी एवं प्रभु जी की लीलाओं का बखान करते हुए उन के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए सत्संग में सभी को प्रसाद वितरित किया।

# भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी गठित

**मुरैना,कांस।** भारत विकास परिषद शाखा मुरैना द्वारा सत्र 2025 -26 की नवीन कार्यकारिणी के गठन हेतु 12 अप्रैल 2025 शनिवार को वार्षिक निर्वाचन बैठक का आयोजन होटल राधिका पैलेस में किया गया। जिसमें नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए सभा की बैठक मे सदस्यों ने प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव के आधार पर निर्वाचन अधिकारी नीरज मोदी ने श्रीमती अर्चना शर्मा को अध्यक्ष ,श्रीमती रजनी गुप्ता को सचिव एवं वीणा मोदी को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित की घोषित किया। निर्वाचन की घोषणा के उपरांत सभी पदाधिकारियो को भारत विकास परिषद के सदस्यों ने शुभकामना दी। साथ ही उम्मीद की है कि सभी निर्वाचित पदाधिकारी भारत विकास परिषद शाखा मुरैना सेवा एवं संस्कार के कार्यों में नित नए आयाम तय करेगी। उक्त निर्वाचन प्रक्रिया अमित जैन प्रांतीय अध्यक्ष मध्य भारत उत्तर प्रांत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# परमात्मा एवं अंतरात्मा को हनुमानजी करते हे जागृत : द्वारिका दास

## 18 लोगों ने लिया नशा मुक्ति का संकल्प, बड़ी संख्या में वितरित हुए वस्त्र, साड़ी सूट एवं चश्मे, 258 मरीज और 28 सेवक हुए उपस्थित



**मुरैना,कांस।** मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में प्रभु श्री सीताराम जी की पूजा अर्चना, रामचरित मानस का पाठ, एवं विनय पत्रिका एवं भक्तमाल की कथा हुई इसके साथ ही 258 मरीजो ने अपना परीक्षण करा के उपचार कराया, विषय बार मरीजो की संख्या इस प्रकार रही -दन्त रोग 85 स्वः जगदीश प्रसाद गुप्ता मेडिसिन कक्ष में 73, नाक कान गला 44, सर्जरी 43, अस्थि रोग 45, नैत्र रोग 22, अन्य उक्त शिविर में विशेष रूप से निम्न कार्य सम्पादित किये गए -दांतों के सेट0, ब्लड प्रेसर की जाँच 44, ई.सी.जी 1, इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तहत तम्बाखू, बीड़ी, सिगरेट, शराब से ग्रसित मरीज 31, नशा छोड़ने का संकल्प लिया 18, फिजियोथेरेपी मशीन से उपचार 34, एम्स में पंजीयन0 इसके अलावा स्व. अंकित जैन स्मृति दन्त चिकित्सा कक्ष मे- दांत शल्य क्रिया54, अल्ट्रासोनिक मशीन से पायिरिया का इलाज24, परमार्थ न्यास में आँखों की डिजिटल जांच की सुविधा स्व. प्रकाश शर्मा स्मृति कक्ष मे प्रारंभ हुई जिसमे आँखों की जाँच 16 एवं इलेक्ट्रिकल लैंप के माध्यम से चश्मे का नंबर प्रदान किये, निष्काम भाव से सेवको ने सेवा की। डॉ एस.के.शर्मा, डॉ दीपक बंसल, प्रदीप शर्मा, कस्तूरी, ममता, ओमवती, लक्ष्मी, गुड्डी, प्रेमवती, आस्था, बबीता, मुन्नी, राजश्री, श्याम, सुरेश महेश्वरी, पुरुषोत्तम, होत्तम, हाकिम, रामचरण, रामवीर, श्रीनिवास, मयूर अग्रवाल, दीपू तोमर, रामसिंह, घीर सिंह, राम लखन, अभिषेक, अंश आदि ने निःशुल्क सेवाए प्रदान की। प्रत्येक रविवार की तरह सभी समाजसेवियो ने अपनी सेवाये परमार्थ न्यास में यथावत प्रदान की। भगवान स्वरूप में पधारे हुये सभी मरीजों ने अपना ईलाज कराया। परमार्थ न्यास में प्रत्येक रविवार की तरह सभी सेवकों ने उपस्थित होकर पूजा पाठ रामचरितमानस पाठ भकात्मल कथा विनय के पद रामरक्षा स्त्रोत का पाठ आरती एवं संकीर्तन किया एवं श्रवण लाभ लिया। आज परमार्थ में द्वारिका दास पधारे आपने यहाँ पूजा में शामिल होकर रामचरित मानस पाठ भक्तमाल कथा रामरक्षास्तोत्र पाठ का श्रवण किया तथा परमार्थ न्यास के सभी सेवकों द्वारा की जा रही निःस्वार्थ सेवा का स्वरूप देखकर ह्रदय से प्रसन्नता प्रकट करते हुए कहा कि हनुमान जयंती पर हम सभी का मंदिर में जाकर हनुमान जी के दर्शन करना प्रसाद लगाना यह तो दस्तूर है। इस जयंती पर हनुमान जी के गुणों को अपनाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। फिर भी, इनसे प्रेरणा लेकर इन्हें अपने जीवन में लाने का प्रयत्न करते रहना चाहिए ह। आज के व्यस्त जीवन में हर समय निस्वार्थ रहना मुश्किल हो सकता है, लेकिन हम छोटे-छोटे तरीकों से दूसरों की मदद कर सकते हैं-जैसे समय समय पर दान करना, किसी जरूरतमंद की सहायता करना, या अपने काम में ईमानदारी रखना। यह भक्ति अब ईश्वर के साथ-साथ अपने परिवार, समाज, या कर्तव्य के प्रति भी हो सकती है। हम सभी को मानसिक और भावनात्मक साहस की जरूरत है। जैसे नौकरी में असफलता, व्यक्तिगत संकट, या सामाजिक दबाव का सामना करने के लिए हनुमान जी का साहस हमें प्रेरित कर सकता है। प्रतिस्पर्धी युग में सफलता मिलने पर अहंकार आना स्वाभाविक है, लेकिन सहकर्मियों, दोस्तों, या परिवार के प्रति विनम्र रहकर हम हनुमान जी के इस गुण को अपनाने की कोशिश कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर भी अपनी उपलब्धियों को साझा करते वक्त संयम और सादगी बरतना इसका एक तरीका है। रिश्तों में विश्वास बनाए रखना आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भले ही समय बदल गया हो, लेकिन दोस्ती, पारिवारिक रिश्तों या अपने सिद्धांतों के प्रति निष्ठा रखना हनुमान जी की सीख को जीवंत करता है। जटिल समस्याओं जैसे करियर का चुनाव, वित्तीय प्रबंधन या तकनीकी चुनौतियाँ में बुद्धि और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बहुत काम आती है। हनुमान जी की तरह हमें भी अपने संसाधनों का सही उपयोग करना सीखना चाहिए। आज लालच, गुस्सा या तुरंत संतुष्टि की चाहत जैसी चीजें आम हैं। ध्यान, आत्म-चिंतन या सही-गलत की समझ से हम आत्म-नियंत्रण विकसित कर सकते हैं, जैसा हनुमान जी ने दिखाया। हनुमान जी जैसी अलौकिक शक्ति या उनके जैसे असाधारण कार्य आज संभव नहीं हो सकते, क्योंकि उनका चरित्र पौराणिक और अलौकिक है। लेकिन उनके गुणों का सार-साहस, भक्ति, विनम्रता प्रासंगिक है। हनुमान जी कलयुग में चिरंजीवी रूप में सदैव उपस्थित रहते हैं तथा हम सब अपने आचरण में पवित्रता लाकर उन्हें प्रसन्न कर सकते हैं भक्ति के प्रारंभिक चरण में सबसे पहले आचरण की पवित्रता प्राथमिक रूप से होनी चाहिए आप कितना भी दान करें किसी भी तीर्थ पर जाएं, भागवत, सुंदरकांड रामायण आदि का पाठ कराए यदि आचरण में पवित्रता नहीं है साथ ही भक्ति के इन कार्यों में विषयों पर नियंत्रण नहीं तो यह सभी कार्य निरर्थक ही होंगे अतः हम सभी को सियाराम में सब जग जानी करो प्रणाम जोर-जुग पानी भाव से सभी चराचर में प्रभु का दर्शन का भाव रखकर विनम्र सरल आत्म संतोषी होकर सेवा का भाव रखना चाहिए यदि हनुमान जी प्रसन्न हो गए तो प्रभु श्री सीता राम जी के दर्शन फिर दूर की कौड़ी नहीं है आइए हम सब प्रयास करें। आज मेजर रामकुमार शर्मा परमार्थ न्यास में मैने देखा कि समस्त सेवक जिस उदार भाव व वाणी से सेवा करते हैं उसे देखकर मैं ह्रदय से अपनी प्रसन्नता व्यक्त करता हूँ एवं जन मानस से आग्रह करता हूँ कि यहाँ प्रभु के दीन स्वरूप की सच्ची सेवा का लाभ ले। मैं सभी को आशीष, शुभकामनाएं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि परमार्थ न्यास के सभी सेवकों में जन मानस की सेवा सत्कर्म का भाव सदैव इसी प्रकार बना रहे। और यह सेवा सत्कर्म निरंतर चलता रहे।

**जरूरमंदो के लिए एक पहेल -**

हमारा परमार्थ न्यास एम एस रोड पर भोज भवन के सामने स्थित है हर रविवार गरीबों व जरूरतमंदो को निशुल्क उपचार, दवाईयां और कपड़े उपलब्ध कराता है। अगर किसी के घर में जो दवाईयां और कपड़े उपयोग में ना हो वो लोग गरीबों व जरूरतमंदो के उपयोग हेतु हमे प्रदान कर सकते हैं या स्वयं परमार्थ न्यास पर आकर स्वयं दान दे सकते हैं। आपकी एक पहल जरूरतमंदो के बहुत काम आएगी। सभी शहर वासियों से निवेदन है कि शव को सुरक्षित रखने हेतु डीप फ्रीजर का उपयोग आवश्यकता होने पर किसी भी समय परमार्थ न्यास से 9827090180 पर संपर्क कर किया जा सकता है।



# भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर सादर नमन




## 25 दुधारू पशुओं की डेयरी इकाई लगाने के लिए

## ₹42 लाख तक ऋण सहायता

**पात्रता** - 3.50 एकड़ कृषि भूमि एवं डेयरी फार्मिंग में प्रशिक्षण | **सब्सिडी** 25% से 33% | **पहले आएं, पहले पाएं** पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें

- **मुख्यमंत्री उद्यमिता कार्यक्रम के अंतर्गत-** पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन, डेयरी किसानों की आय में वृद्धि और डेयरी क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसरों का होगा निर्माण।
- **उन्नत नस्लों से बढ़ेगी आय -** भ्रूण प्रत्यारोपण कार्यक्रम और बांझ निवारण शिविरों के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधारने के कार्यक्रम।
- **मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम -** किसान आधुनिक डेयरी तकनीक और बाजार से जुड़ेंगे।
- **उत्कृष्टता को सम्मान -** प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ गौवंशीय और उन्नत नस्ल की दुधारू गायों के लिए पुरस्कार कार्यक्रम।
- एक हितग्राही को अधिकतम आठ इकाइयां लगाने की पात्रता होगी।

*प्रदेश में गौ-पालकों और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए "डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना" शुरू की जा रही है। गौ-माता की सेवा हमारी संस्कृति एवं संस्कारों का अहम हिस्सा है। हमने यह वर्ष गौ-माता की सेवा को समर्पित किया है।*

*प्रदेश में गौ-शालाओं के माध्यम से गौ-सेवा की नई इबारत लिखी जाएगी और नई दुग्ध क्रांति लाई जाएगी। स्वावलंबी गौ-शालाओं की स्थापना नीति-2025 के तहत पंजीकृत गौ-शालाओं के गौ-वंश हेतु अनुदान अब ₹20 से बढ़कर ₹40 प्रति गौवंश प्रति दिवस मिलेगा। हमारा प्रयास है कि दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध के बेहतर दाम मिलें, इस दिशा में हम तेजी से प्रयास कर रहे हैं।*

-**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

**डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभ्यारण्य के रूप में सागर जिले में 258.64 वर्ग किमी क्षेत्र में प्रदेश का 25वां अभ्यारण्य घोषित।**

**वन्य जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अहम निर्णय।**



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11011/25 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025